


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


रोचक मोड पर चुनाव

## पत्थलगांव में पिता-पुत्र पति-पत्नी मैदान में...





हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| पत्थलगांव

नगर पंचायत पत्थलगांव का चुनाव काफी रोचक मोड पर पहुंच गया है। यहां भारतीय जनता पार्टी ने परिवारवाद से परहेज न करते हुए पिता पुत्र और पति पत्नी को अलग-अलग वार्डो से प्रत्याशी बनाया है। वार्ड नंबर चार से प्रत्याशी बनाए गए अजय बंसल नगरपंचायत चुनाव में तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। इससे पूर्व 2009 से 2014 और 2019 से 2024 तक वे पार्षद रह चुके हैं।अपनी बेबाक छवि के कारण वे लोगों के बीच पहचाने जाते हैं ।वहीं अजय बंसल की पत्नी श्रीमति सुनीता बंसल ने भी इस बार पहली बार वार्ड नंबर 10 से वार्ड पार्षद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया है। एक ही परिवार के लोगों ▶▶| शेष पेज 8 पर

# जिस हमर लैब के नाम पर रीएजेंट और मेडिकल किट खरीदने का हुआ था आदेश, उनमें आधे से ज्यादा अब तक खुले ही नहीं

*हेल्थ में 660 करोड़ के खरीदी घोटाले का एक स्याह पक्ष यह भी है कि राज्य में जिन हमर लैब के लिए आवश्यक रीएजेंट व दूसरे उपकरणों की खरीदी के लिए फरमान जारी हुआ था, उनमें से आधे से ज्यादा खुले ही नहीं हैं। बल्कि इसकी आड़ में ताबड़तोड़ बल्क में सामग्री खरीद ली गई। भारी कमीशन के एवज में वहां भी सामान की सप्लाई करवा दी गई, जहां जांच की सुविधा ही नहीं थी। ऐसा जांच एजेंसी की रिपोर्ट में भी दर्ज है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

बड़े पैमाने पर खरीदी में गड़बड़ी की शिकायत के बाद ईओडब्लू ने केस दर्ज कर सप्लायर कंपनी के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की जा रही, जिसमें कई खुलासे होने की उम्मीद है। इसमें अफसरों की मिलीभगत जाहिर हो रही है। जांच में उनके नाम सामने आएंगे। जांच में पता चला है कि घोटाले की शुरुआत हमर लैब स्थापना के समय से हुई है। राज्य के 27 जिला अस्पताल और 41 विकासखंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में हमर लैब खोले जाने थे। गौर करने वाली बात यह है कि अब तक 14 जिलों में इसकी शुरुआत ही नहीं हो पाई है। ▶▶| शेष पेज 8 पर

**2022 में संचालक स्वास्थ्य सेवा ने जारी की खरीदी के लिए चिट्ठी**

### इधर, जांच कमेटी का पुनर्गठन

ईओडब्लू में मामला दर्ज होने और कंपनी डायरेक्टर की गिरफ्तारी के बाद अफसरों में हड़कंप है। सीजीपीएमसी ने खुद ही मामले की जांच के लिए छह डॉक्टर, अफसरों की टीम का गठन कर दिया है। 28 जनवरी को टीम का गठन हुआ। जांच टीम को 2021 से 2025 तक रीजेंटस, ▶▶| शेष पेज 8 पर

### निर्माता नहीं, फिर भी मिला काम

नियम के मुताबिक सीजीएमएससी द्वारा निविदा प्रक्रिया पूरी कर किसी मशीन की सप्लाई का काम उसका निर्माण करने वाली कंपनी को देती है। मोक्षित कार्पोरेशन सीबीसी के साथ किसी अन्य मशीन का उत्पादन नहीं करती, बावजूद इसके केवल रसूख और कमीशनखोरी ▶▶| शेष पेज 8 पर

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के शशांक प्लेयर ऑफ द ईयर



**रायपुर।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने छत्तीसगढ़ के क्रिकेटर शशांक सिंह को आलराउंडर प्लेयर ऑफ द ईयर 2023-24 के लिए चुना है। बीसीसीआई ने गुरुवार को घरेलू सीमित ओवर के सर्वश्रेष्ठ आलराउंडर खिलाड़ी के नाम की घोषणा की। शशांक ने पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। बीसीसीआई शनिवार को मुंबई में आयोजित पुरस्कार समारोह में ▶▶| शेष पेज 8 पर

### कश्मीर में 'चिल्ला-ए-कलां' का दौर समाप्त



**श्रीनगर।** कश्मीर में सर्दियों की सबसे कठोर अवधि मानी जाने वाली 40 दिवसीय 'चिल्ला-ए-कलां' धूप के साथ समाप्त हो गई। इसके साथ ही दिन के अंत में बादल छाए रहने से बारिश होने की उम्मीद जगी है। चिल्ला-ए-कलां' की 40 दिनों की अवधि के दौरान हिमपात की सबसे अधिक संभावना होती है।

### गणतंत्र दिवस परेड में यूपी की झांकी प्रथम



**नई दिल्ली।** रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने 76वें गणतंत्र दिवस परेड के सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्तों और झांकियों को पुरस्कृत किया। झांकियों की श्रेणी में प्रयागराज में जारी महाकुंभ मेले को प्रदर्शित करने वाली उत्तर प्रदेश की झांकी को पहला पुरस्कार मिला। जम्मू और कश्मीर राइफल्स के मार्चिंग दस्ते को तीनों सशस्त्र सेवाओं के दस्तों में सर्वश्रेष्ठ चुना गया।

### दो करोड़ के चोरी हुए 200 फोन बरामद



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के वजीराबाद इलाके में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब दो करोड़ रुपये मूल्य के चोरी के 200 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। अपराध शाखा की टीम ने वजीराबाद इलाके में चोरी के मोबाइल फोन की खेप पकड़ी। इन मोबाइल फोन को तस्करी के जरिए नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका भेजा जाना था।

### प्रसिद्ध वृत्तचित्रकार तपन के. बोस का निधन



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध वृत्तचित्रकार और कार्यकर्ता तपन के. बोस का यहां उनके आवास पर निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। बोस 1970 के दशक में लगे आपातकाल के दौरान एक कार्यकर्ता के तौर पर उभरे थे। वह पंजाब और जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकार उल्लंघन के खिलाफ एक निर्भीक वकील थे।

प्रशासन ने किए कई बदलाव, न्यायिक जांच आयोग ने शुरू किया काम, टीम आज जाएगी घटनास्थल

# 30 मौतों के बाद कुंभ स्नान के सिस्टम में बदलाव, गाड़ियां बैन, वीआईपी पास रद्द

*प्रयागराज इन दिनों दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाला शहर बना हुआ है। मौनी अमावस्या पर तकरीबन आठ करोड़ लोगों ने गंगा के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाई। बुधवार को भगदड़ के बाद गुरुवार को हालात सामान्य हुए, तब लोगों ने राहत की सांस ली। महाकुंभ की व्यवस्था को लेकर सरकार ने कुछ बदलाव भी किए हैं। महाकुंभ मेला क्षेत्र में सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, वहीं वीवीआईपी पास रद्द कर दिए गए हैं।*

**सुरक्षा सुनिश्चित करने की कोशिश**

प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र में हुए बदलावों को लेकर प्रशासन का बयान सामने आया है। प्रशासन का कहना है कि इन बदलावों का उद्देश्य कुंभ क्षेत्र में भीड़ को नियंत्रित करना और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

- प्रयागराज में दो सीनियर आईएएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति
- पांच सचिव स्तर के पदाधिकारियों को भेजा गया प्रयागराज
- शहर में कई रास्ते किए गए वन वे, 4 फरवरी तक रहेगा प्रतिबंध






एजेंसी ▶▶| महाकुंभनगर/ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 में संगम तट पर हुई भगदड़ और दुखद मौतों के बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए बड़े बदलाव लागू किए हैं। प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और चौकस किया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें कई निर्देश जारी किए। इधर, प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के स्नान के लिए उमड़ी भीड़ में मंगलवार देर ▶▶| शेष पेज 8 पर

### फिर आग, 15 टेंट खाक

महाकुंभ मेले में सेक्टर 22 के बाहरी क्षेत्र में चमनगंज चौकी के पास गुरुवार को एक टेंट में आग लग गई। इसकी चपेट में आकर 15 टेंट जलकर खाक हो गए। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। सेक्टर 22 के बाहर चमनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में आज दोपहर आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी।

### तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति हर्ष कुमार की अध्यक्षता वाले इस आयोग में सेवानिवृत्त आईएएस अफसर डी. के. सिंह और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी वी. के. गुप्ता भी शामिल हैं।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

महाकुंभ में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक गाइडलाइंस जारी करने और नियमों के अमल की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। इसके एक दिन बाद गुरुवार को एडवोकेट विशाल तिवारी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अनुच्छेद-32 के तहत रिट दाखिल किया गया और भगदड़ जैसी घटनाओं को रोकने और लोगों के जीवन की रक्षा की मांग की गई है।

### प्रमुख बदलाव

- प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र में अब सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।
- किसी भी विशेष पास के जरिए महाकुंभ मेला क्षेत्र में वाहनों को प्रवेश नहीं मिलेगा।
- महाकुंभ मेला में श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए एक तरफा मार्ग व्यवस्था लागू की गई है।
- प्रयागराज से सटे जिलों से आने वाले वाहनों को जिले की सीमा पर रोका जा रहा है। उन्हें एक अंतराल के बाद आगे जाने के लिए छोड़ा जा रहा है।
- प्रयागराज शहर में चार पहिया वाहनों की एंट्री पर पूरी तरह से रोक रहेगी। यह प्रतिबंध 4 फरवरी तक लागू रहेगी।

निगम चुनाव

## कांग्रेस को झटका, धमतरी के मेयर प्रत्याशी का पर्चा रद्द



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

निगम चुनाव में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। भाजपा की आपत्ति सही पाई गई, जिसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी विजय गोलछा का नामांकन निरस्त कर दिया। यह स्थिति भाजपा को वाक ओवर मिलने जैसी है। उधर कांग्रेसी आनन-फानन में तिलकराज सोनकर को अधिकृत प्रत्याशी बनाने की तैयारी कर रहे हैं। ▶▶| शेष पेज 8 पर

- निगम का ठेकेदार बताकर नामांकन किया खारिज कांग्रेस ने बोला हमला

### कांग्रेस पार्टी में मचा हड़कंप

*नामांकन निरस्त होते ही कांग्रेस खेमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में एक अन्य प्रत्याशी तिलकराज देवांगन को कांग्रेस से बी फार्म देने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद लोहना, विजय गोलछा, पूर्व महापौर विजय देवांगन, विधायक ओंकार साहू सहित अन्य कांग्रेसी रायपुर रवाना हो गए। इधर, पीसीसी चीफ दीपक बैज ने इसे भाजपा का षड़यंत्र बताया।* ▶▶| शेष पेज 8 पर

### भाजपा कार्यालय नगरी में तोड़फोड़, आगजनी



**नगरी।** शीर्ष नेताओं पर रुपए लेकर टिकट बेचने का आरोप लगाते हुए भाजपा नगरी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ और आगजनी की। इस आगजनी में महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर खाक हो गया। दोपहर में जैसे ही भाजपा ने जिला पंचायत सदस्य के लिए क्षेत्र क्रमांक 12 से अरूण सार्वा सांकरा निवासी का नाम घोषित किया। कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए और शीर्ष नेताओं पर टिकट बंटवारे में पैसे का लेनदेन होने का आरोप लगाते हुए भाजपा कार्यालय में तोड़फोड़ और आगजनी की। इसमें कार्यालय में रखे गये भाजपा पार्टी के जरूरी दस्तावेज, कंप्यूटर, आलमारी, कुर्सी टेबल, बैनर, झंडा जलकर राख हो गए।

चावल कारोबारी के ठिकानों पर जांच जारी, आठ करोड़ सीज

## जिस कंस्ट्रक्शन कंपनी के बाहर हुई थी गोलीबारी, वहां इनकम टैक्स का धावा



चावल कारोबारी के 25 ठिकानों पर छापे

चार लॉकर, 30 से ज्यादा बैंक अकाउंट मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राज्य में टैक्स चोरी करने वालों के खिलाफ आयकर इन्वेस्टिगेशन की टीम रेड की कार्रवाई कर रही है, साथ ही आयकर विभाग की करारोपण की टीम भी सक्रिय है। ऐसे ही एक मामले में आयकर विभाग के करारोपण की टीम बड़े कंस्ट्रक्शन कंपनी पीआरए ग्रुप के तेलीबांधा स्थित कार्यालय में सर्वे करने पहुंची है। ज्ञात हो कि यह वही कंस्ट्रक्शन ग्रुप है, जिसके कार्यालय के बाहर झारखंड के अमन साव गिरोह के गुर्गों ने लेवी वसूलने पिछले वर्ष फायरिंग की थी। इधर, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, ओडिशा में चावल कारोबारी, राइस मिलर तथा ब्रोकर के यहां दूसरे दिन भी छापे की कार्रवाई जारी रही।

गौरतलब है, पीआरए ग्रुप का कंस्ट्रक्शन का बड़ा काम है। कंपनी के तेलीबांधा कार्यालय में अमन साव के लोगों ने फायरिंग की थी। इसी ग्रुप पर पहले भी अटैक हुआ था। आयकर की सर्वे टीम टैक्स चोरी के शक में यहां पहुंची हुई है। सड़क निर्माण ▶▶| शेष पेज 8 पर

### पांच से सात सौ करोड़ रुपए की संपति का अनुमान

चावल कारोबारी से जुड़े जिन राइस मिलर, कारोबारी तथा ब्रोकर के ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम रेड कार्रवाई कर रही है, उनकी संपति पांच से सात सौ करोड़ रुपए होने का अनुमान लगाया जा रहा है। कारोबारी ठिकानों से दूसरे दिन भी बड़े पैमाने पर कच्चे में लेन-देन के इलेक्ट्रानिक के साथ कागजी दस्तावेज हाथ लगे हैं।

### गोंदिया से होती थी बिलिंग

सूत्रों के मुताबिक कारोबारी समूह ज्यादातर कच्चे में माल बेचने के लिए गोंदिया से बिलिंग करते थे। छत्तीसगढ़ से भी चावल जाने पर कारोबारी समूह गोंदिया से बिलिंग कर टैक्स चोरी करते थे। गोंदिया से बिलिंग होने की वजह से कारोबारी समूह ने छत्तीसगढ़ से कितने का माल कहां के लिए बेचा, इस बात की सही जानकारी नहीं मिल पाती थी।

### जवान ने पत्नी की हत्या के बाद की खुदकुशी



**भोपाल।** भोपाल में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बलके एक सिपाही ने बुधवार देर रात अपने घर में अपनी पत्नी की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या करने के बाद खुद को भी गोली मार ली। यहां निकट सीआरपीएफ बंगरसिया शिविर में तैनात रविकांत वर्मा (35) ने देर रात करीब डेढ़ बजे अपनी पत्नी रेणु (32) की हत्या कर दी और फिर सीआरपीएफ नियंत्रण कक्ष, स्थानीय पुलिस और अपने मकान मालिक को फोन कर उसी सर्विस राइफल से खुद को भी गोली मार ली। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम कैपिटल ग्रीन कॉलोनी में घटनास्थल पर पहुंची।

# हेलीकॉप्टर से टकराया विमान, 67 की मौत

एजेंसी ▶▶| अर्लिंग्टन

वाशिंगटन के निकट रोनाल्ड रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय एक यात्री विमान बुधवार को सेना के एक हेलीकॉप्टर से टकरा गया। विमान में चालक दल समेत 64 लोग सवार थे। डीसी फायर चीफ ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन में कोई जिंदा नहीं मिला। न्यूज रिपोर्ट्स के अनुसार, पोटोमैक नदी से अब तक कम से कम 30 शव बरामद किए गए हैं, जहां घातक भिड़ंत के बाद दोनों विमान गिरे थे। विमान में 60 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। घटना के संबंध में जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि कई लोगों की मौत हुई है।

**हवा में हादसा** | अब तक 30 शव बरामद




### सेना के 'ब्लैकहॉक' हेलीकॉप्टर से टकराया

संघीय विमानन प्रशासन ने बताया कि यह टक्कर पूर्वी मानक समयानुसार रात लगभग नौ बजे उस समय हुई, जब कंसास के विचिटा से उड़ान भरने वाला एक क्षेत्रीय विमान हवाई अड्डे के रनवे पर पहुंचते समय एक सैन्य 'ब्लैकहॉक' हेलीकॉप्टर से टकरा गया। हेलीकॉप्टर ने प्रशिक्षण उड़ान भरी थी।यह घटना विश्व के सबसे अधिक सुरक्षा वाले हवाई क्षेत्र में घटी, जो व्हाइट हाउस और कैपिटल से लगभग तीन मील दूर दक्षिण में स्थित है।

### ट्रंप ने कहा-ईश्वर आत्मा को शांति दे

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई 'इस भयावह दुर्घटना के बारे में पूरी जानकारी दी' गई है। उन्होंने यात्रियों के संदर्भ में कहा, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। विमान में सवार यात्रियों में फिगर स्केटिंग करने वालों का समूह, उनके प्रशिक्षक और परिवार के सदस्य शामिल थे, जो विचिटा में अमेरिकी फिगर स्केटिंग चैंपियनशिप के बाद शिविर से लौट रहे थे।

दुर्ग निगम में मेयर के लिए सिर्फ दो प्रत्याशियों ने भरा है पर्चा

# मेयर का चुनाव हो गया महंगा, पार्षद के लिए खड़ी फौज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अलग खबर

नगरनिगम चुनाव में ऐसा पहली बार हो रहा है कि महापौर बनने भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों के आलावा कोई भी चुनाव नहीं लड़ रहा। हमेशा भाजपा और कांग्रेस के वोट बैंक बिगाड़ने वाले निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी इस बार दखल नहीं दिया हैं। इसे लेकर कुछ पुरानी पार्टियों का मत है कि पार्षद से ज्यादा खर्चीला चुनाव मेयर का हो गया है। कुछ का कहना है कि राष्ट्रीय पार्टी का हाथ होने पर ही मेयर चुनाव लड़ने का जोखिम उठाया जा सकता है।

दुर्ग नगरनिगम और विधानसभा क्षेत्र एक है, इसलिए यहां ताराचंद साहू के स्वाभिमान मंच की भी धमक रही है, लेकिन वर्तमान में इसका अस्तित्व नहीं है। इसी तरह बसपा और आप पार्षद प्रत्याशी ही अब तक उतार पाए है। पिछले चुनाव में जोगी कांग्रेस का एक प्रत्याशी प्रकाश जोशी जीते थे, लेकिन वर्तमान में इस पार्टी का विलय कांग्रेस में हो गया है। दुर्ग नगरनिगम में भाजपा और कांग्रेस की लड़ाई को निर्दलीय या अन्य पार्टी सेंध लगाते रहे हैं, लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है कि दुर्ग नगरनिगम ▶▶| शेष पेज 8 पर




### हमेशा त्रिकोणीय मुकाबला, अब पहली बार आमने-सामने

1999-2009 तक दो बार भाजपा से सरोज पांडेय मैदान पर थी और जीत दर्ज की थी। पहले चुनाव में उनके सामने कांग्रेस की चंद्राबाई शर्मा थी, लेकिन निर्दलीय प्रत्याशी शैलजा पान्डे ने कांग्रेस का समीकरण बिगाड़ा था। इसके बाद 2009 में भाजपा से डॉ. शिव कुमार तमेर महापौर निर्वाचित हुए। उन्हें भी कांग्रेस के साथ छत्तीसगढ स्वाभिमान मंच के प्रत्याशी राजेन्द्र साहू से कड़ा मुकाबला करना पड़ा था। इस चुनाव में कांग्रेस ▶▶| शेष पेज 8 पर

### क्या कहते है पुरानी पार्टी के नेता

- स्वाभिमान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता का कहना है कि वर्ष 2009 में राजेन्द्र साहू इस पार्टी से खड़े हुए थे। उसके बाद एक भी उम्मीदवार खड़े नहीं किए गए। उनका कहना है कि दुर्ग में साठ वार्ड विधायक का क्षेत्र है। उनका कहना है मेयर का चुनाव खर्चीला हो गया है। इसलिए उम्मीदवार नहीं उतरते हैं।
- आप पार्टी के संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा ने बताया कि मेयर प्रत्याशी की तैयारी थी,लेकिन ऐन समय पर नहीं उतार पाए। हालांकि पार्षद के लिए पन्द्रह प्रत्याशी उतारे गए हैं। सूत्रों ने बताया कि आप मेयर प्रत्याशी तैयार कर चुके थे। आप पार्टी का भी कहना है कि मेयर का चुनाव आर्थिक स्थिति से जटिल हैं।
- इधर बसपा के दुर्ग ईकाई के अध्यक्ष सचिव गवई ने बताया कि दुर्ग निकाय के पार्षद पद के लिए नौ प्रत्याशी उतारे गए हैं, वहीं मेयर का चुनाव से वे भी पीछे हट गए हैं।

## आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव का बड़ा ऐलान

# 10 महीने के अंदर खुद का एआई मॉडल लॉन्च करेगा इंडिया

## एआई के क्षेत्र में चीन और अमेरिका की चल रही टक्कर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में चीन और अमेरिका की टक्कर के बीच भारत ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराने का फैसला किया है। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को इसका ऐलान किया। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अगले 10 महीनों में भारत अपना खुद का एआई मॉडल लॉन्च करेगा। उन्होंने कहा कि यह मॉडल भारतीय संदर्भ और संस्कृति के मुताबिक होगा। सरकार ने इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए 18,000 जीपीयूएस का एक विशाल कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है, जो देश के स्टार्टअप्स और रिसर्चर्स को भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### डीपसीक और चैटजीपीटी की टक्कर के बीच भारत की एंट्री

अमेरिकी एआई कंपनियों पर चीन की डीपसीक एआई ने कड़ी चुनौती पेश की है। ओपनएआई जैसे बड़े प्लेटफॉर्म के सामने डीपसीक का उभरना दिखाता है कि एआई की दुनिया में नए खिलाड़ी भी अपनी जगह बना सकते हैं। अब भारत भी इस प्रतिस्पर्धा में शामिल होने जा रहा है। आईटी मंत्री ने कहा कि भारत एक ऐसे एआई मॉडल पर काम कर रहा है, जो स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाएगा। इस मॉडल का मुख्य उद्देश्य भारतीय भाषाओं और डेटा के आधार पर बेहतर प्रदर्शन करना है।



### सरकार का एआई मिशन और जीपीयू पावर

एआई मॉडल को विकसित करने के लिए बड़े पैमाने पर कंप्यूटिंग पावर की जरूरत होती है। आईटी मंत्री के मुताबिक, डीपसीक एआई को 2,000 जीपीयूएस से ट्रेन किया गया, जबकि चैटजीपीटी को 25,000 जीपीयूएस का इस्तेमाल कर बनाया गया। भारत के पास फिलहाल 15,000 हाई-एंड जीपीयूएस हैं और 18,000 जीपीयूएस की एक नई कंप्यूट फैसिलिटी तैयार की गई है। जीपीयू ( ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट) बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) को ट्रेन करने के लिए उपयोग किए जाते हैं। ये विशेष रूप से एआई प्रोसेसिंग के लिए डिजाइन किए गए होते हैं, जो सामान्य जीपीयू की तुलना में कहीं अधिक तेज और कुशल होते हैं।

### भारत में कई क्षेत्रों में होगा एआई का इस्तेमाल

सरकार सिर्फ टेक्नोलॉजी सेक्टर में ही नहीं, बल्कि दूसरे क्षेत्रों में भी एआई को लागू करने की योजना बना रही है। इंडियाएआई मिशन के तहत हेल्थकेयर, एजुकेशन, एग्रीकल्चर और मौसम पूर्वानुमान जैसे क्षेत्रों में भी एआई का इस्तेमाल किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम भारत को एआई के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद करेगा। एआई तकनीक का उपयोग किसानों को बेहतर खेती के सुझाव देने, बाढ़ और सूखे की सटीक भविष्यवाणी करने और स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए किया जाएगा।

### 10 हजार करोड़ का एआई मिशन

भारत के एआई मिशन को सरकार की मंजूरी पिछले साल मार्च में मिली थी। 10 हजार करोड़ रुपए के इस प्रोजेक्ट के तहत एआई कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने की योजना है। सरकार का मानना है कि भारतीय एआई मॉडल दुनिया में अपनी खास पहचान बनाएगा और तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह प्रोजेक्ट भारत के डिजिटल विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा और देश की तकनीकी क्षमताओं को और अधिक सशक्त बनाएगा।

## वार्म्थ कैंपेन : रीन्यू ने कुंभ में बांटे 1 मिलियन कंबल

**नई दिल्ली।** अग्रणी विकार्बोनीकरण समाधान कंपनी रीन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी ने अपने सालाना कैंपेन 'गिफ्ट वार्म्थ' के 10वें संस्करण को सफलतापूर्वक पूरा करने की घोषणा की है। रीन्यू ने 2015 में इस पहल की शुरुआत के बाद 1 मिलियन कंबल बांटने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल कर लिया है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे कुम्भ मेले के दौरान कंबल का आखिरी बैच वितरित कर कंपनी ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस साल रीन्यू ने प्रमुख क्षेत्रों में 200,000 से अधिक कंबल बांटें, जिसमें छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखण्ड, एनसीआर, मध्य प्रदेश, और गुजरात शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के रायपुर में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कम्बल बॉंट कर लोगों को सम्बोधित किया। हाल ही में कुम्भ मेले के दौरान 23 जनवरी को उत्तर प्रदेश सरकार में ओद्यौगिक विकास, निर्यात संवर्धन, एनआरआई एवं निवेश संवर्धन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता के हाथों कंबल बंटवाकर कंपनी एक मिलियन के ऐतिहासिक आंकड़े तक पहुंच गई है।




## यमुना जल विवाद : आप और इलेक्शन कमीशन आमने-सामने

# चुनाव आयोग के सबूत मांगने पर भड़के केजरीवाल, बोले- राजीव कर रहे राजनीति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और चुनाव आयोग के बीच यमुना के पानी को लेकर तीखी बयानबाजी शुरू हो गई है। चुनाव आयोग ने केजरीवाल को नोटिस जारी कर उनके 'यमुना में जहर' वाले दावे पर सबूत मांगे हैं। वहीं, केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें राजनीति करने का आरोप लगाया और यहां तक कह दिया कि अगर उन्हें राजनीति करनी है तो दिल्ली से चुनाव लड़ लें। गुरुवार को चुनाव आयोग ने केजरीवाल को पत्र लिखते हुए उनसे 5 अहम सवाल किए और पूछा कि यमुना के पानी में जहर कहां और कैसे मिला, इसके सबूत पेश करें। आयोग ने चेतावनी दी कि यदि 31 जनवरी सुबह 11 बजे तक संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### खास बातें

- सबूत ने देने पर कार्रवाई की दी गई है आप को चेतावनी
- आप संयोजक ने ईसी को यमुना जल पीने की दी चुनौती





### चुनाव क्यों नहीं लड़ लेते?

चुनाव आयोग की चिट्ठी पर प्रतिक्रिया देते हुए केजरीवाल ने चुनाव आयोग पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा, 'दिल्ली में खुलेआम पैसे और चादरें बांटी जा रही हैं, लेकिन चुनाव आयोग इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। सीईसी राजीव कुमार राजनीति कर रहे हैं। अगर उन्हें राजनीति करनी है, तो वे दिल्ली की किसी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ लें।'केजरीवाल ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग की भाषा अनुचित है और सीईसी राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं, इसलिए उन्हें रिटायरमेंट के बाद नौकरी चाहिए। उन्होंने कहा, 'राजीव कुमार ने चुनाव आयोग का कबाड़ा कर दिया है। उन्हें इतिहास कभी माफ नहीं करेगा।'

### आयोग को भेजी यमुना की बोतलें

केजरीवाल ने चुनाव आयोग के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि वे यमुना का पानी तीन बोतलों में भरकर चुनाव आयोग को भेज रहे हैं। उन्होंने सीईसी को चुनौती देते हुए कहा कि वे प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस पानी को पीकर दिखाएं।

### ऐसे शुरू हुआ विवाद

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने यमुना के पानी को जहरीला बना दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग हरियाणा और उत्तर प्रदेश से मिलने वाले पानी पर निर्भर हैं, लेकिन उसमें खतरनाक रसायन और जहरीले तत्व घोले जा रहे हैं।

**चुनाव आयोग ने सबूत मांगे**

भाजपा ने इस बयान के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद आयोग ने केजरीवाल से 29 जनवरी तक सबूत मांगे। आयोग ने कहा कि ऐसे आरोपों से राज्यों के बीच नफरत और तनाव पैदा हो सकता है। अब सबकी नजरें इस पर टिकी हैं कि चुनाव आयोग केजरीवाल के जवाब से संतुष्ट होता है या नहीं। यदि नहीं, तो आयोग उनके खिलाफ कार्रवाई कर सकता है। दूसरी ओर, भाजपा और आप के बीच इस मुद्दे पर सियासी घमासान और तेज हो सकता है।

### अखिलेश यादव ने हाथ में उठाया आप का झाड़ू



दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार अभियान जारी है। इसी कड़ी में यूपी के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी के समर्थन में केजरीवाल के साथ किराड़ी विधानसभा में रोड शो किया। इस दौरान, अखिलेश ने कहा कि इस चुनाव में भाजपा की बेईमानी का सफाया होगा। कांग्रेस का बिना नाम लिए उन्होंने कहा कि एक भी वोट खराब नहीं होना चाहिए। बीजेपी को हराने के लिए एक एक वोट आम आदमी पार्टी के चुनाव चिन्ह पर पड़ना चाहिए।

## हरप्रीत कौर बाबला होंगी नई महापौर

# आप को बड़ा झटका! बीजेपी ने जीता चंडीगढ़ मेयर चुनाव

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी को मेयर पद चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। चंडीगढ़ मेयर पद के लिए बीजेपी की प्रत्याशी हरप्रीत कौर बाबला ने मेयर चुनाव जीत लिया है। उन्हें 19 वोट मिले जबकि आम आदमी पार्टी गठबंधन को 17 वोटों से संतोष करना पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीन पार्षदों ने बीजेपी के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में बीजेपी को मिली जीत के बाद नई मेयर हरप्रीत कौर बाबला के पति और बीजेपी के उपाध्यक्ष देविंदर सिंह बाबला ने कहा कि हमें जीत का विश्वास था। हमें पता था ऐसा ही होगा, रहा-सहा काम मेयर कुलदीप कुमार ने नगर निगम को लूट-लूटकर पूरा कर दिया। काम किया नहीं, भ्रष्टाचार किया। हम इसकी जांच करवाएंगे। उनके पार्षदों ने भी हमें वोट दिया।



### किस पार्टी के कितने पार्षद?

27 जनवरी को चंडीगढ़ नगर निगम वार्ड नंबर 27 से पार्षद गुरबख्श रावत बीजेपी में शामिल हुई थीं। उनके आने के बाद चंडीगढ़ नगर निगम में बीजेपी पार्षदों की संख्या 16 हो गई जबकि कांग्रेस पार्टी के पार्षदों की संख्या घटकर 6 रह गई। चंडीगढ़ नगर निगम में आम आदमी पार्टी के 13 पार्षद हैं। इनके अलावा चंडीगढ़ के सांसद को भी नगर निगम के पदेन सदस्य के तौर पर मतदान करने का अधिकार प्राप्त है। कांग्रेस पार्टी के मनीष तिवारी चंडीगढ़ के मौजूदा सांसद हैं। आप और कांग्रेस गठबंधन के तहत चंडीगढ़ मेयर पद का चुनाव लड़ रहे थे।

**ये है मामला :** चंडीगढ़ मेयर चुनाव से सुप्रीम कोर्ट ने बीते सोमवार को पंजाब और हरियाणा पूर्व जस्टिस (रिटायर्ड) जयश्री ठाकुर को स्वतंत्र पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। इसके अलावा हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव की वीडियोग्राफी की जाए। सुप्रीम कोर्ट में आप से चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप कुमार ने एक याचिका दायर कर मतदान प्रक्रिया में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए 'गुप्त मतदान' के बजाय 'हाथ उठाकर मतदान' का निर्देश देने का अनुरोध किया था। हालांकि, बेंच ने उनके अनुरोध को खारिज कर दिया।

# भारी जुर्माना लगाएंगे रिटायर्ड सैनिकों को कोर्ट में क्यों घसीटा जा रहा ?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सेवानिवृत्त सैनिक की विकलांगता पेंशन के खिलाफ दाखिल याचिका पर केंद्र सरकार को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ऐसी ओछी याचिकाएं दाखिल करके सशस्त्र बलों का मनोबल नहीं गिराया जा सकता। पीठ ने केंद्र से पूछा कि क्या आप नीति बनाने को तैयार हैं। अगर नीति बनाने को तैयार नहीं हैं तो हमें जब भी लगेगा कि अपील निरर्थक है तो हम भारी जुर्माना लगाना शुरू करेंगे। गुरुवार को केंद्र सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। इस याचिका में केंद्र ने सशस्त्र बल न्यायाधिकरण न्यायाधिकरण के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें एक सेवानिवृत्त रेडियो फिटर को विकलांगता पेंशन प्रदान की है। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि सशस्त्र बल न्यायाधिकरण से विकलांगता पेंशन से राहत पाने वाले सशस्त्र बलों के हर सदस्य को शीर्ष अदालत में घसीटने की जरूरत नहीं है। केंद्र को अपील दायर करने में विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

- केंद्र पर बिफरा सुप्रीम कोर्ट



### 'सरकार को नीति बनाना चाहिए'

पीठ ने कहा कि याचिका में कुछ व्यावहारिक दृष्टिकोण होना चाहिए। एक सैन्यकर्मी 15- 20 साल तक काम करता है। मान लीजिए कि वह कुछ विकलांगता से ग्रस्त है और सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के आदेश में विकलांगता पेंशन के भुगतान का निर्देश दिया जाता है। तो इन लोगों को सुप्रीम कोर्ट में क्यों घसीटा जाना चाहिए? पीठ ने आगे कहा कि हमारा मानना है कि केंद्र सरकार को एक नीति बनाना चाहिए। इतना ही नहीं सशस्त्र बलों के सदस्यों को सुप्रीम कोर्ट में घसीटने का फैसला लेने से पहले कुछ जांच भी की जानी चाहिए।

# 'सीएम योगी ने धोखे में रखा, हादसे के दिन वाला भोजन सदा पीड़ा देगा'

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने महाकुंभ भगदड़ में जताई नाराजगी

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर भगदड़ मच गई थी, जिसमें 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना को लेकर ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा, 'मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमें धोखे में रखा कि घटना में कोई मौत नहीं हुई है।' आज हमारी सबसे बड़ी जो पीड़ा है वो ये कि हमारा मुख्यमंत्री झूठा है। हमारी जो मृत आत्माएं हैं, उनके प्रति संवेदना व्यक्त करने और उपवास करने के लिए भी मुख्यमंत्री ने मौका नहीं दिया। हादसे के दिन वाला भोजन हमें सदा- सदा के लिए पीड़ा देगा। शंकराचार्य ने कहा, घटना के दिन सुबह 10 बजे करीब मुख्यमंत्री आदित्यनाथ का बयान आया कि रात को भगदड़ मच गई, कुछ लोग घायल हो गए हैं. अफवाहों पर ध्यान ना दें. 'इसके बाद आए बयान में भी मुख्यमंत्री ने किसी के मृत्यु का जिक्र नहीं किया।



### 'आपने किया हमारे साथ धोखा'

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने भावुक स्वर में कहा, 'हिंदु धर्म में ये नियम है कि जब परिवार में किसी की मौत हो जाती है, विशेष रुप से इस तरह के परिस्थितियों में तो कोई भोजन नहीं करता है।' मौत की खबर के बाद क्या हम लोग एक दिन उपवास नहीं रख सकते थे, उनके लिए जो चले गए।' उन्होंने कहा, 'आपने (मुख्यमंत्री) ने हमको ऐसा आभास करा दिया कि अफवाह चल रही है, कोई मौत नहीं हुई है। संत, सनातनियों और हम लोगों के साथ यह बहुत बड़ा धोखा है।




## एक्सियम-4 मिशन को नासा की मंजूरी, गगनयान से कनेक्शन

# स्पेस में जाने वाले हैं भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



नासा ने एक्सियम-4 (एएक्स-4) मिशन को मंजूरी दे दी है, जिसमें भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला बतौर पायलट अंतरिक्ष यात्रा करेंगे। यह मिशन 14 दिनों तक चलेगा और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर रिसर्च कार्य करेगा। इस मिशन की कमान पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री और एक्सियम स्पेस की मानव अंतरिक्ष उड़ान निदेशक पेगी व्हिटसन के हाथों में होगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला पायलट की भूमिका निभाएंगे। इनके साथ यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोजेक्ट अंतरिक्ष यात्री स्लावॉज उजनांस्की-विश्निवस्की (पोलैंड) और तिबोर कापु (हंगरी) भी मिशन में शामिल होंगे।

**पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री :** शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले पहले भारतीय होंगे। वे भारतीय वायुसेना से जुड़े हुए हैं और भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन के लिए भी चयनित किए गए हैं। नासा के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन कार्यक्रम की प्रबंधक डाना वीगेल ने कहा, 'मैं निजी अंतरिक्ष यात्राओं के प्रति निरंतर रुचि और समर्पण देखकर उत्साहित हूं। जब नासा भविष्य में निम्न-पृथ्वी कक्षा की संभावनाओं की ओर देख रहा है, तो ये निजी अंतरिक्ष यात्राएं नई संभावनाओं के द्वार खोलती हैं।'

### स्पेसएक्स ड्रैगन यान से होगी लॉन्चिंग

एएक्स-4 मिशन के अंतर्गत अंतरिक्ष यात्री स्पेसएक्स ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार होकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचेंगे। वहां वे लगभग 14 दिनों तक रहकर वैज्ञानिक रिसर्च कार्यों में भाग लेंगे। पेगी व्हिटसन ने कहा, 'एएक्स-4 के प्रतिभाशाली और विविधतापूर्ण दल के साथ काम करना मेरे लिए बेहद प्रेरणादायक रहा है। प्रत्येक सदस्य अपनी अनूठी विशेषज्ञता और दृष्टिकोण लेकर आया है, जिससे यह मिशन वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ मानव कौशल और टीमवर्क का प्रतीक भी बन गया है।'

### भारत-अमेरिका सहयोग का बड़ा कदम

एएक्स-4 मिशन भारत और अमेरिका के बीच अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग का एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल अमेरिका यात्रा के दौरान इस मिशन की घोषणा की थी। शुभांशु शुक्ला और उनके बैकअप पायलट ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर ने इस मिशन के लिए नासा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (Jएएक्सA) के साथ गहन प्रशिक्षण लिया है।

रायपुर
शुक्रवार, 31 जनवरी 2025
माघ शुक्ल पक्ष द्वितीया
वर्ष : 23, अंक : 195
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 33.0
न्यून. 18.2

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

### जानिए... कहां जाने का खर्चा कितना
(आंकड़े अमृत स्नान से एक दिन पूर्व 1 फरवरी के)

| | |
|---|---|
| रायपुर से प्रयागराज | 20 हजार 411 रुपए |
| रायपुर से थाईलैंड | बैंकॉक - 13 हजार 84 रु. |
| | फुकेट - 12 हजार 113 रु. |
| | कराबी- 12 हजार 533 रु. |
| रायपुर से मलेशिया | कुआला लंपुर - 18 हजार 904 रुपए |
| | लैंगकावी - 12 हजार 663 रुपए |
| | पेनांग - 21 हजार है |
| रायपुर से नेपाल | 10 हजार 610 रुपए |
| रायपुर से दुबई | 14 हजार 995 रुपए |

**महाकुंभ : विदेश जाना सस्ता, इससे अधिक खर्च है प्रयागराज जाने में**

# विदेश यात्रा से अधिक महंगा पड़ोस में जाना, प्रयागराज की उड़ान थाईलैंड, नेपाल, मलेशिया व दुबई से भी महंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

लोगों के लिए विदेश भ्रमण से अधिक महंगा अपने ही देश में यात्रा करना हो गया है। यह स्थिति आस्था के महाकुंभ के चलते निर्मित हुई है। राजधानी रायपुर से प्रयागराज जाने के लिए फ्लाइट की कीमतें आसमान छू रही हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है, जब विदेश यात्रा से अधिक कीमत पड़ोसी राज्य की यात्रा के लिए चुकानी पड़ रही है। मौनी अमावस्या को हुए शाही स्नान के बाद अगला शाही स्नान बसंत पंचमी के मौके पर 2 फरवरी को और महाशिवरात्रि के मौके पर 26 फरवरी को होगी। इसके ठीक एक दिन पहले ▶▶|शेष पेज 8 पर



**अगला शाही स्नान 2 फरवरी और 26 फरवरी को, इसके एक दिन पहले कीमतें आसमान पर**

**श्रद्धालुओं को दिक्कत**

सरकार को चाहिए कि वे फ्लाइट्स का अधिकतम किराया तय कर दे। कीमतों में तीन से चार गुना तक वृद्धि अवसरवादी बनने जैसी बात है। श्रद्धालुओं को इससे दिक्कतें हो रही हैं।
- कीर्ति व्यास, निजी ट्रेवल एजेंसी संचालक

**कुंभ मेला क्षेत्र में होटल का भाड़ा 66 हजार**

*टूरिस्ट पैकेज प्रदान करने वाली कंपनियों और विभिन्न ट्रेवल वेबसाइट्स द्वारा दिए जा रहे ऑफर के मुताबिक, ना केवल यात्रा बल्कि ठहरने के लिए भी विदेशों की तुलना में प्रयागराज में अधिक कीमतें चुकानी पड़ रही हैं। प्रयागराज के दूरस्थ क्षेत्रों में होटल का किराया प्रतिदिन 10 हजार रुपए से अधिक पहुंच गया है। जबकि कुंभमेला क्षेत्र में स्थित होटल में इसके लिए 66 हजार न्यूनतम किराया चुकाना पड़ रहा है। फ्लाइट की टिकटों की तरह होटल के किराए में भी शाही स्नान और उसके एक दिन पूर्व की तिथियों में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है।*

---

आज से संसद सत्र, एक को आम बजट पेश करेंगी वित्त मंत्री सीतारमण

# कल खुलेगा उम्मीदों का 'निर्मल-पिटारा' टैक्स पर नजर, किसानों का बढ़ेगा सम्मान!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

1 फरवरी यानी मोदी सरकार के बजट को पेश करने का दिन। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से लोगों को काफी उम्मीदें भी हैं और आशंकाएं भी। केंद्रीय बजट 2025 में सोने पर सरकार का क्या रवैया होगा इसको लेकर सर्राफा बाजार, निवेशकों, ज्वेलरी खरीदारों की लगातार नजर बनी हुई है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि बजट में सरकार सोने पर आयात शुल्क बढ़ा सकती है।

वहीं, सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय तीन लाख करोड़ रुपये के बजट से देशभर में एनएच-एक्सप्रेसवे का जाल बिछाएगा। पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े करोड़ों लाभार्थियों को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से सम्मान निधि 12000 करने की उम्मीद है। वहीं, एक्सपर्ट्स को उम्मीद है कि वित्त मंत्री सैलरीड पर्सन को इनकम टैक्स में रियायत देने से लेकर कृषि, हेल्थ केयर और डिफेंस सेक्टर पर भी जोर देंगी। विशेषज्ञों का सुझाव है कि वित्त मंत्री सीतारमण को न्यू टैक्स रिजीम के तहत घर के मालिकाना हक को प्रोत्साहित करना चाहिए। बजट 2025 में टैक्सपेयर्स को भी कुछ ▶▶|शेष पेज 8 पर

*शुक्रवार से संसद सत्र शुरू हो रहा है। शनिवार को बजट पेश होगा। ऐसे में 1 फरवरी को देश की नजरें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर रहेंगी। उम्मीद है कि आम बजट 2025 में कमजोर पड़ती आर्थिक वृद्धि को सहारा देने तथा महंगाई और स्थिर सैलरी इंक्रीमेंट से जूझ रहे मिडिल क्लास को राहत देने के उपाय किए जाएंगे। इसके साथ ही बजट में टैक्सपेयर्स को तोहफा मिल सकता है, वहीं रोजगार और कौशल विकास पर जोर देने की उम्मीद है।*

**ऐसी उम्मीदें**

- स्टैंडर्ड डिडक्शन में बढ़ोतरी का तोहफा दे सकती हैं वित्तमंत्री
- न्यू इनकम टैक्स रिजीम में बढ़ सकते हैं टैक्स स्लैब्स
- कुशल कर्मचारियों की कमी को दूर करने नई पहल
- भारत को ग्लोबल मैनपावर सप्लायर बनाने का टारगेट
- सरकार सोने पर आयात शुल्क बढ़ा सकती है



**वित्त मंत्री 8वीं बार बजट पेश कर रचेंगी इतिहास**

1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा पेश किए गए 10 बजटों के रिकॉर्ड के करीब पहुंच जाएंगी। मोरारजी देसाई ने प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और बाद में प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कार्यकाल में वित्त मंत्री के तौर पर कुल 10 बजट पेश किए हैं। सीतारमण को 2019 में भारत की पहली फुलटाइम महिला वित्त मंत्री बनाया गया था। तब से सीतारमण ने सात बजट पेश किए हैं। पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने नौ और प्रणब मुखर्जी ने वित्त मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान आठ बजट पेश किए।

**सर्वदलीय बैठक में बोले मंत्री, बजट सत्र सार्थक हो**

केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने सभी दलों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि संसद का बजट सत्र सार्थक हो। संसदीय कार्य मंत्री ने यह भी कहा कि जिन मुद्दों पर चर्चा की जाएगी उन पर कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) निर्णय करेगी। सर्वदलीय बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में रीजीजू ने कहा कि बैठक सकारात्मक रही। बैठक में 36 दलों के 52 नेताओं ने भाग लिया। रीजीजू ने कहा, पार्टी नेताओं ने कुछ मुद्दे उठाए और उन मुद्दों पर चर्चा की मांग की। कार्य मंत्रणा समिति तय करेगी कि किन मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। महाकुंभ में भगदड़ पर चर्चा की विपक्ष की मांग के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा कि निर्णय बीएसी द्वारा लिया जाएगा। रीजीजू ने कहा, कई महत्वपूर्ण मुद्दे हैं... कुंभ का भी उल्लेख किया गया।

**वक्फ और विदेशी विधेयक सूचीबद्ध**

सरकार ने बजट सत्र में चर्चा और पारित करने के लिए वक्फ (संशोधन) विधेयक के साथ ही तीन अन्य नए मसौदा कानूनों को विचार के लिए सूचीबद्ध किया है। वक्फ पर संशोधन विधेयक की समीक्षा करने वाली संसद की संयुक्त समिति ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपनी रिपोर्ट सौंप दी।

---

# खाने के साथ पीने का जुगाड़ नहीं आया पसंद, केवल तीन रेस्टारेंट ने लिए लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में आबकारी विभाग ने पीने के शौकीनों के लिए भोजनलाय में भी शराब बिक्री करवाने की तैयारी की थी, लेकिन लगता है कि खाने के साथ पीने का यह जुगाड़ पसंद नहीं आया। सरकार ने पिछले साल नवंबर में भोजनालयों में शराब बिक्री के लिए लाइसेंस जारी करने की शुरुआत की थी, लेकिन अब तक केवल तीन लाइसेंस ही इस काम के लिए जारी हो पाए हैं। खास बात ये है कि यह नई शुरुआत करने के लिए सरकार ने छत्तीसगढ़ विदेशी मदिरा नियम 1966 में बदलाव किया भी किया है।

आबकारी एक्ट में संशोधन के साथ राज्य सरकार ने यह व्यवस्था बनाई है कि ऐसे रेस्टोरेंट को जहां आगंतुकों के ▶▶|शेष पेज 8 पर

**राज्य सरकार ने किया है आबकारी एक्ट में बदलाव**



**जारी हो पाए केवल तीन लाइसेंस**

भोजनालयों में शराब परोसने के लिए पिछले साल नवंबर में लाइसेंस जारी करने का आदेश जारी किया गया था। लेकिन इसके बाद दिसंबर और जनवरी का लगभग पूरा महीना बीतने के बाद भी केवल तीन लाइसेंस ही जारी हो पाए। आबकारी विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह प्रक्रिया अभी शुरु हुई है। जब रेस्टारेंट चलाने वाले लोगों को इसकी जानकारी होगी तब वे लाइसेंस ले सकते हैं।

**20 प्रतिशत अधिक दर से होगी बिक्री**

विदेशी मदिरा स्प्रिट एवं माल्ट के लिए निर्धारित फुटकर विक्रय दर से न्यूनतम 20 प्रतिशत अधिक दर पर पर अनुज्ञप्त परिसर में बेची जा सकेगी। इस प्रकार लाइसेंसधारी को मदिरा की खुली बोतलों को फुटकर विक्रय के लिए विक्रय दर इस ▶▶|शेष पेज 8 पर

**माल नहीं उठाया तो लगेगा जुर्माना**

लाइसेंसधारी को हर माह शराब का तय कोटा उठाना होगा। अगर किसी माह के लिए निर्धारित स्प्रिट या बीयर की न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा लाइसेंस धारी नहीं उठाता है, तो वहां संबंधित जिले का कलेक्टर कम उठाई गई शराब या बीयर की मात्रा ▶▶|शेष पेज 8 पर

---

**सीमांकन के बदले मांगी थी रिश्वत**

# एक लाख की रिश्वत लेते धरा गया पटवारी और सहायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंगेली

एससीबी की टीम ने पटवारी व उसके सहायक को 1 लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। पटवारी ने प्रार्थी से सीमांकन के बदले 5 लाख रुपए की मांग की थी। प्रार्थी वैभव सोनी ग्राम रामगढ़ के पिता शेखर सोनी के नाम की कृषि ▶▶|शेष पेज 8 पर

- मुंगेली जिले की घटना, एसीबी की लगातार ताबड़तोड़ कार्यवाही

**रिश्वत की रकम बरामद**

गुलाब दास मानिकपुरी से रिश्वत की रकम 1 लाख रुपए को बरामद कर लिया गया है। आरोपी पटवारी सुशील जायसवाल और सहायक गुलाब दास मानिकपुरी के विरुद्ध धारा 7,12 पीसी एक्ट 1988 के तहत कार्रवाई की जा रही है । प्रकरण में अन्य एक संदेही आरआई नरेश साहू की भूमिका की जांच की जा रही है।

# सीमेंट प्लांट में छत का स्लैब गिरा, 4 की मौत

**पन्ना।** पन्ना में स्थित जेके सीमेंट प्लांट में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में निर्माणाधीन हिस्से में छत की स्लैब डाली जा रही थी, जहां सैकड़ों मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक भाड़ा गिर गया, जिसकी चपेट में कई मजदूर आ गए। कमिश्नर वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि घटना में 4 की मौत हुई है।



**मृतक के परिजनों को 18-18 लाख मुआवजा**

अधिकारियों ने बताया कि मृतक के परिजनों को प्लांट प्रबंधन की तरफ से 18-18 लाख और घायलों को एक-एक लाख रुपए दिए जाएंगे।

# पंजाब मुख्यमंत्री मान के दिल्ली आवास पर छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है। इस बीच, गुरुवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिल्ली स्थित घर कपूरथला हाउस पर गुरुवार को चुनाव आयोग की टीम तलाशी लेने पहुंची। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने दावा किया कि पंजाब के सीएम भगवंत मान के दिल्ली स्थित आवास पर छापेमारी की गई। छापे की कार्रवाई दिल्ली पुलिस ने की है।

**दिल्ली चुनाव के बीच बड़ी कार्रवाई**

**रिटर्निंग ऑफिसर बोले- पैसे बांटने की मिली शिकायत**

छापे के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर ओपी पांडे ने कहा, हमें पैसे बांटने की शिकायत मिली है। हमें 100 मिनट में शिकायत का निपटारा करना है। हमारी फ्लाइंग स्क्वॉयड टीम यहां आई थी, जिसे अंदर नहीं जाने दिया गया।



**मान ने लगाया आरोप**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आरोप लगाया कि प्रवेश वर्मा खुलेआम पैसे बांट रहे हैं, लेकिन यह चुनाव आयोग को नहीं दिख रहा। वर्मा ट्वीट करके बताते हैं कि वे कहां पैसे बांटेंगे, लेकिन भगवंत मान, अरविंद केजरीवाल और सौरभ भारद्वाज के घर छापेमारी होती है। पंजाबियों को बदनाम कर रही है।

---

**सुप्रीम कोर्ट ने दी मंजूरी**

# रिटायरमेंट के बाद भी अब जज सुना सकेंगे फैसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देशभर के हाईकोर्ट में लंबित पड़े आपराधिक मामलों से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम कदम उठाया है। जिसके मद्देनजर अब सभी हाईकोर्ट को यह अधिकार मिल गया है कि वे सेवानिवृत्त जजों को एडहॉक (अस्थायी) जज के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश कर सकते हैं। इससे पहले, अप्रैल 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश में कहा था कि सिर्फ उन्हीं हाई कोर्ट में एडहॉक जजों की नियुक्ति की जा सकती है जहां रिक्तियों की संख्या 20 फीसदी से कम हो।



**पीठ ने दिया था सुझाव**

पिछले सप्ताह सीजेआई खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने सुझाव दिया कि एडहॉक जजों को आपराधिक अपीलों से निपटने वाले हाईकोर्ट के 2-जजों की पीठों में पुइसने जज के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।

**2021 में पहली बार**

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने लोक प्रहरी बनाम भारत सरकार मामले में पहली बार हाईकोर्ट में एडहॉक जजों की नियुक्ति की अनुमति दी थी। हालांकि, कोर्ट ने यह भी साफ कर दिया था कि नियमित प्रक्रिया न हो।





## ग्रामीण/शहरी रणभूमि

### भाजपा करेगी क्लीन स्वीपः सवन्नी

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने कहा, भाजपा नगरीय निकाय चुनावों में पूरा क्लीन स्वीप करेगी। प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह से नकार दिया है। यही कारण भी है कि कांग्रेस नगरीय निकायों के चुनाव में अपनी हार मान चुकी है और कांग्रेस, भाजपा से हर तैयारी में पीछे हो गई। जहां भाजपा के सभी पार्षद पद के उम्मीदवारों ने एक साथ अपने मेयर और अध्यक्षों के साथ नामांकन किया। वहीं कांग्रेस के पार्षदों ने अलग-अलग नामांकन भरे।





### जीत का रिकार्ड दोहराएंगेः बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, इस चुनाव में कांग्रेस के मुद्दे और प्रत्याशी दोनों मजबूत हैं। हम स्थानीय चुनाव में जीत का रिकार्ड दोहरायेंगे। कांग्रेस इन स्थानीय निकाय के चुनावों में न सिर्फ अपनी पिछली जीत दोहरायेगी। अबकी बार और अधिक पंचायत एवं निकाय क्षेत्रों में कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव जीत कर आयेंगे। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के खिलाफ वातारण है।



**हरिभूमि ने बीजेपी और कांग्रेस के उम्मीदवार से पूछे सवाल**

रायगढ़। निकाय चुनावों की तारीखों का ऐलान होने के बाद प्रत्याशियों में उत्सुकता है। जिन लोगों को पार्टी ने टिकट दिया उनकी बल्ले बल्ले है, वहीं जिनका नाम कट गया वो नाराज़ हैं। नामों का ऐलान होने के बाद उम्मीदवारो ने नामांकन दाखिल कर दिया है। रायगढ़ में भाजपा ने नए चेहरे जीवर्धन चौहान को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने पूर्व महापौर जानकी काटजू को रिपीट किया है। हरिभूमि ने दोनों ही उम्मीदवारो से उनकी प्राथमिकता को लेकर सवाल किए। आइए जानते हैं, दोनों प्रत्याशी शहर विकास को लेकर क्या सोचते हैं।

# रायगढ़ शहर के विकास को लेकर कांग्रेस-भाजपा प्रत्याशियों के दावे

## लोगों ने मेरा काम देखा है, जनता फिर मौका देगी : जानकी

## ट्रिपल इंजन से होगा शहर का बहुमुखी विकासः जीवर्धन

**आमने सामने**

***सवाल : चुनाव में यदि आपको जनता मौका देती है तो आपकी प्राथमिकताएं क्या रहेंगी?***

**जानकी काटजू :** यदि जनता मुझ पर विश्वास करके दोबारा मौका देती है, तो सबसे पहले महिला शिक्षा के ऊपर कार्य करूंगी। साथ ही शहर विकास के लिये रिंग रोड की मांग की पूरी करूंगी। संजय मार्केट को सुव्यवस्थित करूंगी जिससे शहरवासियों को सुविधा मिले। कामकाजी महिलाओं के रहने के लिये हास्टल निर्माण को भी पूरा करुंगी।

**जीवर्धन चौहान :** मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता से कराने का प्रयास करूंगा। केंद्र और राज्य सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। प्रयास करूंगा कि लोग मुझसे सीधे संपर्क करें और उनकी समस्या का समाधान करूंगा।

***सवाल : आपको जनता क्यों चुने, आप ऐसा क्या करने वाले हैं जिससे जनता को संतुष्ट करेंगे?***



**जानकी काटजू :** जैसा कि मैंने पहले ही कहा है कि जनता का हर काम पूरा करने का प्रयास करूंगी। मैंने हमारी सरकार में भी जनता से जुड़े सभी कार्यों को वरीयता से किया है। जनता मेरे बारे में जानती और समझती है। कोरोना के दौरान भी मैंने लोगों की सेवा की है। इसीलिए मुझे उम्मीद है कि इस बार भी जनता मुझे अपना आशीर्वाद जरूर देगी।

**जीवर्धन चौहान :** जनता के बीच हमेशा रहा हूं। 2010 में जब मैं एल्डरमेन बना था, तब मैंने घूमघूमकर लोगों की सेवा की थी। लोगों के राशन कार्ड बनवाए, आवास योजना का लाभ



दिलवाया। जनता की जरूरतों को पूरा किया हूं। उस समय मैंने 597 लोगों का राशन कार्ड बनवाए थे। मुझे उम्मीद है जनता मुझे जीतने का मौका जरूर देगी।

***सवाल :नगर निगम क्षेत्र में अवैध निर्माण और प्लॉटिंग की ढेरों शिकायतें हैं, इसे कैसे समाधान करेंगे?***

**जानकी काटजू :** अवैध निर्माण और प्लाटिंग के लिए हमने टीम बनाकर नियमतः कार्रवाई की है। आगे भी इसमें काम होगा। शहर में भय और डर का माहौल नहीं रहेगा।

**जीवर्धन चौहान :** चूंकि इस विषय में मुझे अधिक जानकारी नहीं है, इसलिए इसमें ज्यादा जवाब देना सही नहीं होगा। फिर भी यदि मैं महापौर बन गया तो वित्त मंत्री ओपी चौधरी से बातचीत कर रणनीति के तहत कार्य कराया जाएगा।

**सवाल :** अमृत मिशन का पानी लोगों के घरों तक नहीं पहुंच रहा है, गर्मी में मुश्किल और बढ़ेगी, इसे कैसे हल करेंगे?

**जानकी काटजू :** अमृत मिशन का पानी लोगों के घरों तक पहुंचाने के लिये नई टंकी का निर्माण किया जा रहा है, वहीं, जहाँ-जहाँ पानी व्यर्थ बह रहा है, वहां जल विभाग की टीम लगाकर मॉनिटरिंग कराई जा रही है। मेरे दोबारा महापौर बनने के बाद इसमें और कसावट होगी।

**जीवर्धन चौहान :** मुझे मेयर बनने दीजिए। सारी समस्या का समाधान हो जायेगा। वर्तमान शहर सरकार ने पेयजल की समस्या का कभी समाधान नहीं किया है। न तो जनता को साफ पानी मिल रहा है और ना ही 24 घंटे तक पेयजल की पूर्ति हो रही है। हमारी सरकार लोगों की समस्या का अंत करेगी।

**रोचक खबरें**

## एक चुनाव ऐसा भी जिसमें सिक्का उछालकर चुना गया था पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग निगम में एक ऐसा भी वार्ड चुनाव हुआ, जिसमें पार्षद सिक्का उछाल कर हुआ, जी हां आपने बिल्कुल सही पढ़ा। पार्षद टॉस के बाद तय हुआ। बात है वर्ष 1994 में हुए वार्ड चुनाव की। कांग्रेस ने गीता चक्रवर्ती को मैदान में उतारा, वहीं भाजपा से गायत्री साहू प्रत्याशी थीं। प्रचार-प्रसार के बाद वोटिंग हुई, फिर काउंटिंग। दोनों ही प्रत्याशियों को समान वोट मिले। इसके बाद रिटर्निंग अफसर से सामने विकट स्थिति पैदा हो गई। इसके बाद निर्वाचन गाइडलाइन के अनुरूप टॉस कराने का निर्णय लिया गया। इसमें गीता चक्रवर्ती ने टॉस जीता। इसके बाद उन्हें विजेता घोषित किया गया। गीता चक्रवर्ती बताती हैं कि उन्होंने वोटों की संख्या तो ठीक से याद नहीं, लेकिन करीब 600-600 वोट दोनों ही प्रत्याशी को मिले थे। उस समय वार्ड में दोबारा चुनाव कराए जाने की बात उठ रही थी,



लेकिन निर्वाचन आयोग ने टॉस कर निर्णय सुनाने का फैसला लिया, जिसमें दोनों प्रत्याशियों ने सहमति दी। इसमें वे चुनाव में विजेता घोषित की गईं। गायत्री साहू चुनाव हार गईं। अगले वार्ड चुनाव में गायत्री साहू ने चुनाव जीता। वे लगातार तीन बार पार्षद चुनी गईं, एमआईसी मेंबर भी रहीं। पिछले दिनों उनका निधन हो गया। वर्तमान में गीता चक्रवर्ती घरेलू कार्य में व्यस्त हैं, वे फिलहाल में राजनीति में बहुत अधिक सक्रिय नहीं हैं।

**एम-2 जनरेशन के ईवीएम से निकाय चुनाव कराया जाएगा**

# एक ही ईवीएम में महापौर-पार्षद के लिए होगी वोटिंग, पहली बार इस मशीन का इस्तेमाल

छत्तीसगढ़ में चल रहे नगरीय निकायों के लिए ईवीएम के माध्यम से मतदान कराने का निर्णय राज्य निर्वाचन आयोग ने लिया है। मतदान के लिए एम-2 जनरेशन के ईवीएम से निकाय चुनाव कराया जाएगा। एक ही मशीन में महापौर और पार्षद के लिए मतदाता को 2 बार वोट देना होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कहा कि महापौर, अध्यक्ष, पार्षद के लिए ईवीएम मशीन से वोटिंग होगा। मतदाताओं को ईवीएम मशीन के संबंध डेमो कर जागरूक करें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वहीं दूसरी पीढ़ी के ईवीएम मार्क 2 का निर्माण 2006 से 2012 तक हुआ। इनमें रियल टाइम क्लॉक और डायनेमिक कोडिंग जैसी विशेषताएं हैं। यह पुराने मॉडल की ईवीएम मशीन है, इस जनरेशन की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का इस्तेमाल स्थानीय निकाय चुनाव में ही किया जाता है। एक कंट्रोल यूनिट से चार बैलेट यूनिट जोड़ने की सुविधा होती है। एक बैलेट यूनिट में 16 प्रत्याशियों की जगह होती है। इसके हिसाब से एक एम-2 मॉडल की ईवीएम मशीन में 64 प्रत्याशियों का नाम जोड़ा जा सकता है। अगर एक बूथ पर 64 से ज्यादा प्रत्याशी हैं तो एक और कंट्रोल यूनिट लगानी पड़ेगी।



### किन नगर निगम में चुनाव होंगे

राज्य के 10 नगर निगम में चुनाव होंगे। अंबिकापुर, कोरबा, चिरमिरी, जगदलपुर, दुर्ग, धमतरी, बिलासपुर, राजनांदगांव, रायगढ़ और रायपुर नगर निगम में मतदान होंगे। 49 नगर पालिका, 114 नगर पंचायत में चुनाव होंगे। जिला पंचायत सदस्यों के 433 पद पर चुनाव होना है। जनपद पंचायत में 12973 पदों पर चुनाव होगा। ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए 11672, वार्ड पंच के लिए 1 लाख 60 हजार 180 पदों पर वोटिंग होगी।

### आयुक्त ने कहा-ईवीएम का प्रचार-प्रसार करें

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर अंबिकापुर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और आचार संहिता उल्लंघन के प्रकरण को समय सीमा में त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के अधिकारिओं से कहा, स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, मतदान केंद्रों में आपके द्वारा कि गई तैयारी अच्छी है। ईवीएम मशीनों के सम्बन्ध में प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है, क्योंकि इस बार एक ही मशीन में महापौर और पार्षद के लिए मतदाता को दो बार वोट देना होगा। उन्होंने मतदाताओं को ईवीएम मशीन के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी प्रदाय कर जागरूक करने कहा।

### 11 फरवरी को होगी वोटिंग

नगरीय निकाय चुनावों के लिए एक ही चरण में 11 फरवरी को मतदान होगा। 15 फरवरी को रिजल्ट घोषित किया जाएगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तीन चरणों होंगे। पंचायत चुनाव के लिए 17 फरवरी को पहले फेज, 20 फरवरी को दूसरे फेज, 23 फरवरी तीसरे फेज के लिए वोटिंग होगी। वहीं, मुख्यालय स्तर पर 18 फरवरी, 21 फरवरी और 24 फरवरी को रिजल्ट घोषित किया जाएगा।

### निकाय चुनाव में कितने मतदाता

राज्य की 10 नगर पालिक निगम, 49 नगर पालिका, 114 नगर पंचायतों में चुनाव आयोजित होंगे। दुर्ग और सुकमा नगरीय निकायों के 5 वार्डों में उपचुनाव भी होंगे। नगर पालिकाओं में 22 लाख 525 पुरुष और 22 लाख 73 हजार 232 महिला वोटर हैं। नगर पालिकाओं के लिए कुल मतदान केंद्र 5970, जिनमें से 1531 संवेदनशील और 132 अति संवेदनशील हैं।

## मृत व्याख्याता और सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य की लगा दी चुनाव ड्यूटी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरीय निकाय चुनाव में स्थानीय निर्वचान कार्यालय से चुनाव ड्यूटी आदेश जारी किया गया है, जिसमें मृत व्याख्याता गणेश तिवारी के नाम का उल्लेख है। वहीं पामेला प्राथमिक शाला से प्रधानाचार्य पद से पिछले 21 जनवरी को रिटायर्ड हो चुके दिनेश पांडे की ड्यूटी लगाई गई है।

इसके अलावा कई सरकारी कर्मचारियों की दो दिन के आड़ में डबल चुनाव ड्यूटी लगाई गई है। इस सूची में गुरुजियों की संख्या अधिक है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के संभागीय अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव व संभागीय प्रभारी कैलाश चौहान ने कहा कि पंचायत निर्वाचन में ड्यूटी लगे कर्मचारियों की जारी सूची में भारी विसंगति है। सूची में मृत कर्मचारी, सेवानिवृत एवं सेवानिवृत के लिए कुछ ही दिन शेष कर्मचारी, दिव्यांग कर्मचारी, गंभीर बीमारी से पीड़ित कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही अनेक ऐसे कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो पंचायत चुनाव के प्रथम चरण का निर्वाचन 17 फरवरी को कर्मचारी ड्यूटीरत हैं। देर रात्रि तक चुनाव सामग्री जमा कर पुनः सुबह दूसरे चरण का मतदान 20 फरवरी के लिए रवाना होगा। इस प्रकार कर्मचारी ना तो घर जा पाएगा है और ना ही विश्राम कर सकेगा। मानसिक थकान और अनिंद्रा की स्थिति दूसरे दिन अपने मोटर साइकिल वाहन से चुनाव ड्यूटी में जाने से दुर्घटना की संभावना बनेगी। इसलिए ऐसे कर्मचारियों की ड्यूटी तुरंत निरस्त करना उचित होगा।

### सूची 4 माह पूर्व तैयार हुई, त्रुटि को सुधारेंगे

चुनावी प्रक्रिया कोई एक दिन का काम नहीं है। 4 माह पहले ही तैयारी प्रारम्भ हो जाती है। उस दौरान यदि ऐसे कर्मचारी जो एक-दो माह पूर्व जीवित थे एवं जिनका रिटायरमेन्ट अवधि 4 माह शेष हो, ड्यूटी लगी होगी। वैसे जब तक सूची नहीं देखा जाता कहना उचित नहीं है। यदि त्रुटिवश मृत कर्मचारी अथवा सेवानिवृत्त कर्मचारी की ड्यूटी लगी होगी, तो जांच के बाद नाम हटाया जाएगा। जिन कर्मचारियों की दो दिन के भीतर पुनः चुनाव ड्यूटी लगी है, वे स्थानीय निर्वाचन शाखा चुनाव अधिकारी के नाम आवेदन सप्रमाण प्रस्तुत करने पर ड्यूटी निरस्त की जाएगी।

**प्रवीण वर्मा** ,उप निर्वाचन अधिकारी, जगदलपुर

**टुकुन की नजर से...**




# राजनांदगांवः पंचायत चुनाव की सीढ़ी चढ़कर कई नेता पहुंचे सत्ता की राजनीति में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

पंचायती राज व्यवस्था से गांव की सूरत भले ही कुछ खास नहीं बदली है। लेकिन पंचायतों के चुनाव में जीत हासिल कर कई नेता सत्ता के शीर्ष तक पहुंचकर कई अपनी तकदीर बदलने में जरूर कामयाब रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव जिला पंचायत के हिस्सा रहे कई नेता सांसद और विधायक भी बन चुके हैं। यहां यह बताना जरूरी है कि त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के बाद पहली जिला पंचायत के अध्यक्ष रहे प्रदीप गांधी विधायक और फिर सांसद बने। वहीं कोमल जंघेल, गिरवर जंघेल, दलेश्वर साहू, छन्नी साहू, शिवराज उसारे, भुनेश्वर बघेल, हर्षिता स्वामी बघेल, जिला पंचायत के ऐसे सदस्य रहे हैं, जो आगे चलकर विधायक बने।

पंचायती राज व्यवस्था को गांव के विकास की सबसे अहम कड़ी माना जाता है। यह वह कड़ी है जो दिल्ली और रायपुर में बनी योजनाओं को जोड़ने का काम करती है। त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के बाद गांव की तस्वीर और ग्रामीणों की तकदीर कितनी बदली है, यह गहन सोच का विषय हो सकता है, किन्तु सच यह भी है, जो इसका हिस्सा बने, वह सत्ता के शीर्ष तक पहुंचने में कामयाब भी हुए। कभी दो पहिया वाहनों में चलने वाले पंचायत प्रतिनिधि शीर्ष पर पहुंचकर लग्जरी जीवन जी रहे हैं। वहीं दूसरी ओर उनके भाग्य विधाता आज पगडंडी या कच्चे रास्ते में सफर करने विवश हैं। पंचायत चुनाव की



घोषणा होने के बाद पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य बनने के लिए गांव की राजनीति करने वाले सक्रिय हो गए हैं। गैर दलीय आधार पर चुनाव होने के बाद जिला पंचायत और जनपद सदस्य बनने इच्छुक लोग राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रत्याशी बनने के लिए ऐड़ी-चोटी का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही इन लोगों से गांव-गांव में जाकर जनसंपर्क करना भी शुरू कर दिया है। ग्रामीणों के बीच जाकर यह लोग गांव के समुचित विकास का वादा भी कर रहे हैं, किन्तु पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के बाद से अब तक गांव की दशा और दिशा कितनी बदली है, यह किसी से छिपी नहीं है। जिले में कई गांव आज भी ऐसे हैं, जहां तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क तक नहीं है।

# सरकारी विभागों और अफसर कर्मियों पर भी इस तरह लागू होती है चुनाव की आचार संहिता

छत्तीसगढ़ में इस समय नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने आदर्श आचार संहिता लागू कर रखी है। खास बात ये है कि सामान्य तौर पर लोग ये समझते हैं कि यह आचार संहिता केवल चुनाव लड़ने वालों या राजनीतिक दलों के लिए लागू की जाती। लेकिन गौर करने वाली बात ये भी है कि आचार संहित सरकारी विभागों से लेकर अफसर कर्मियों पर भी लागू होती। इसमें कुछ प्रतिबंध में शामिल होते हैं। जो चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक लागू रहते हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आचार संहिता संबंधी नियम के मुताबिक शासकीय विभागों, लोक प्राधिकारी तथा अधिकारी कर्मचारियों के लिए आवश्यक है कि निर्वाचन की घोषणा की तारीख से निर्वाचन समाप्त होने तक राज्य सरकार के किसी भी विभाग या उपक्रम द्वारा ऐसा कोई आदेश पारित न किया जाए, जिससे चुनाव के सम्यक संचालन में व्यवधान उपस्थित हो (जैसे कि कर्मचारियों के स्थानांतरण) या चुनाव की शुचिता और निष्पक्षता प्रभावित हो; जैसे कि किसी क्षेत्र या वर्ग के मतदाताओं को लाभान्वित करने की दृष्टि से कोई सुविधा या छूट देना या किसी नयी योजना (स्कीम) या कार्य के लिए स्वीकृति जारी करना।

## केवल नेताओं, दलों पर ही लागू नहीं होती है संहिता

### स्वेच्छानुदान पर भी रोक

निर्वाचन की घोषणा की तारीख से निर्वाचन समाप्त होने तक मंत्री या संसद सदस्यों या विधानसभा सदस्यों द्वारा किसी पंचायत क्षेत्र में, जहां कि चुनाव होने वाले हों, स्वेच्छानुदान राशि, जनसंपर्क निधि या क्षेत्र विकास राशि में से कोई अनुदान स्वीकृत नहीं किया जाना चाहिए और न ही किसी सहायता या अनुदान का आश्वासन दिया जाना चाहिए।




### मंत्री जी के साथ भी नहीं दिखना है

यदि कोई मंत्री चुनाव के दौरान जिले के किसी पंचायत क्षेत्र का भ्रमण करें जहां कि चुनाव होने वाले हों तो ऐसा भ्रमण चुनावी दौरा माना जाना चाहिए और उसमें सुरक्षा के लिए तैनात अधिकारी ,कर्मचारियों को छोड़कर अन्य किसी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी को साथ नहीं रहना चाहिए। ऐसे दौरे के लिए शासकीय वाहन या अन्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जानी चाहिए।

### सरकारी लोगों को रहना है निष्पक्ष

नियम के मुताबिक शासकीय अधिकारी कर्मचारियों को चुनाव में बिल्कुल निष्पक्ष रहना चाहिए। जनता को उनकी निष्पक्षता का विश्वास होना चाहिए तथा उन्हें ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जिससे ऐसी आशंका भी हो कि वे किसी दल या अभ्यर्थी की मदद कर रहे हैं। चुनाव के दौरे के समय यदि कोई मंत्री निजी मकान पर आयोजित किसी कार्यक्रम का आमंत्रण स्वीकार कर लें तो किसी शासकीय अधिकारी,कर्मचारी को उसमें शामिल नहीं होना चाहिए। यदि कोई निमंत्रण पत्र प्राप्त हो तो उसे नम्रतापूर्वक अस्वीकार कर देना चाहिए।

### अभ्यर्थी से नहीं कर सकते भेदभाव

किसी सार्वजनिक स्थान पर चुनाव सभा के आयोजन हेतु अनुमति देते समय विभिन्न अभ्यर्थियों के बीच कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए यदि एक ही दिन और समय पर, एक से अधिक अभ्यर्थी एक ही जगह पर सभा करना चाहते हों तो उस अभ्यर्थी को अनुमति दी जानी चाहिए जिसने सबसे पहले आवेदन-पत्र दिया है। विश्राम गृहों या अन्य स्थानों में शासकीय भवन,आवास सुविधा का उपयोग सभी अभ्यर्थियों को नियमों एवं समान शर्तों के अधीन करने दिया जाना चाहिए। परंतु किसी भी अभ्यर्थी को ऐसे भवन या उसके परिसर का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

नेचर्स ब्यूटी / शिखर चंद जैन

रंग-बिरंगे फूल देखकर मन बाग-बाग हो जाता है। अधिकतर फूल सर्दियों या वसंत के मौसम में खिलते हैं। देखा जाए तो विभिन्न तरह के ये फूल प्रकृति की बहुत ही खूबसूरत सौगात हैं। बच्चों, जानो इन मनभावन फूलों के बारे में।

# प्रकृति की सौगात रंग-बिरंगे खूबसूरत फूल



**पेटूनिया:** मूल रूप से साउथ अमेरिका महाद्वीप के पौधे पेटूनिया के फूल डिफरेंट कलर, शेप और साइज में खिलते हैं। ये चमकीले बैंगनी, हल्के गुलाबी और भी कई अन्य रंगों में खिलते हैं। पेटूनिया हल्की सर्दी और वसंत के मौसम में खासतौर पर खिलने वाला फूल है। गार्डन के अलावा इसे बालकनियों और विंडो बॉक्स में भी उगाया जाता है।

**आइसलैंड पॉपीज:** आइसलैंड पॉपीज, उत्तरी अटलांटिक महासागर के आस-पास के ठंडे तापमान वाले क्षेत्रों में खूब खिलते हैं। विशेष रूप से सर्दी के मौसम में खिलने वाले ये फूल, सर्दियों के रूखे-रूखे, कुहासे से ढंके माहौल में रंगों की एक अलग छटा बिखेरते हैं। ये फूल मुख्य रूप से चटक लाल, गुलाबी, केसरिया और सफेद रंगों के होते हैं, जो सबका मन मोह लेते हैं।



**विंटर जैस्मिन:** चटक खूबसूरत पीले रंग वाले विंटर जैस्मिन का वैज्ञानिक नाम जैस्मिनम न्यूडी-फ्लोरम है। विंटर जैस्मिन के पौधे मुख्य रूप से चीन में पाए जाते हैं। यह दिसंबर की शुरुआत में ही खिलना शुरू कर देता है और फरवरी तक खिलता है। यह फूल अपनी खुशबू के लिए नहीं बल्कि अपने चटक पीले रंगों की वजह से पसंद किया जाता है।



**स्टार फ्लावर:** इस फूल को इफेयोन के नाम से भी जाना जाता है। मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका के देशों में पाए जाने वाले इस पौधे के छोटे सफेद, गुलाबी या नीले फूल उद्यानों में अलग ही छटा बिखेरते हैं। आजकल इन फूलों को वॉक-वे के किनारे पर बड़े पैमाने पर लगाया जाता है। जब सर्दियां खत्म हो रही होती हैं, वसंत का आगमन हो रहा होता है, तब ये फूल अधिक खिलते हैं।



**विंटर हीथ:** विंटर हीथ मुख्य रूप से तब खिलता है, जब सर्दियां खत्म हो रही होती हैं, वसंत ऋतु का आगमन होता है। मुख्य रूप से यूरोपीय देशों में पाए जाने वाले विंटर हीथ का वैज्ञानिक नाम एरिका कार्नेया है। यह फूल ठंडे मौसम में लंबे समय तक नहीं मुरझाता। इसके फूल गुलाबी, सफेद या फिर अन्य रंगों में भी सदाबहार पत्तियों के साथ खिलते हैं।



**कॉर्न फ्लावर:** सेंटोरिया साइनस (इस पौधे का वैज्ञानिक नाम), जिसे आमतौर पर कॉर्न फ्लावर या बैचलर बटन के नाम से जाना जाता है, मुख्य रूप से यूरोप में पाया जाने वाला पौधा है। पहले यह अकसर मकई के खेतों में खर-पतवार के रूप में उगता था, लेकिन इसकी खूबसूरती की वजह से इसे आजकल बगीचों में सजावटी पौधे के रूप में भी उगाया जाता है।



**प्रिमरोज:** प्रिमरोज के फूलों को देखकर ऐसा लगता है मानो, जमीन पर रंग-बिरंगे छोटे-छोटे सितारे फैले हुए हों। यह मुख्य रूप से यूरोप और एशिया के देशों में पाया जाता है। गुलाबी, बैंगनी, पीले और सफेद रंगों में खिलने वाले ये फूल बेहद खूबसूरत लगते हैं। बेहद नाजुक दिखने वाले प्रिमरोज वास्तव में काफी मजबूत होते हैं। प्रिमरोज सर्दियों के अंत और वसंत की शुरुआत से लेकर अप्रैल-मई तक खिलते हैं।



**स्नैपड्रैगन:** यह फूल मुख्य रूप से यूरोप, अमेरिका और उत्तरी अफ्रीका में पाया जाता है। इसे ड्रैगन फ्लावर, स्नैप ड्रैगन फ्लावर, लायंस माउथ और डॉग्स माउथ नामों से भी जाना जाता है। दुनिया के कई देशों में इसे स्कल फ्लावर के नाम से भी जाना जाता है। इसके लुक के कारण इसे यह नाम दिया गया है। दरअसल, जब यह फूल उगता है, इसके पत्ते ड्रैगन जैसी आकृति बनाते हैं। लेकिन जब फूलों की पत्तियां गिर जाती हैं, तब ये हू-ब-हू स्कल यानी इंसानी खोपड़ी की तरह दिखाई देता है। *



## मैरीगोल्ड

मैरीगोल्ड यानी गेंदा अपने देश में बहुतायत में पाया जाने वाला फूल है। यह फूल मंदिरों में पूजा-पाठ या किसी फंक्शन में डेकोरेशन आदि में इस्तेमाल किया जाता है। किसी मेहमान का स्वागत भी प्रायः गेंदे के फूल की माला पहनाकर किया जाता है। वैसे तो मैरीगोल्ड साल भर खिलने वाला फूल है, लेकिन सर्दी के मौसम में यह अधिक खिलता है। इस फूल को सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है। यह हमें ऊर्जा प्रदान करता है। इस फूल को गार्डन के अलावा गमलों में भी आसानी से उगाया जा सकता है।



जानकारी / नयनतारा

# एडवेंचरस गेम सर्फिंग

बच्चों, समुद्र की लहरों पर सर्फबोर्ड के सहारे रोमांचक कलाबाजियां करते खिलाड़ियों को टीवी या वीडियोज में तुमने जरूर देखा होगा। इसे 'सर्फिंग' कहते हैं। जानो, इस रोमांचक खेल के बारे में कुछ रोचक तथ्य।



बच्चों, सर्फिंग एक ऐसा एडवेंचरस गेम है, जिसमें एक पतले, लंबे सर्फबोर्ड पर खड़े होकर खिलाड़ी समुद्र की लहरों पर राइड करता है। दुनियाभर के समुद्रतटों पर इस खेल का आनंद खेल में एक्सपर्ट लोग लेते हैं।

**बहुत पुराना खेल है सर्फिंग:** सर्फिंग भले ही लोगों को बेहद मॉडर्न-टाइप का गेम लगता हो, लेकिन इसका इतिहास बहुत पुराना है। माना जाता है कि 1778 में जब कैप्टन जेम्स कुक ने हवाई द्वीप की खोज की थी, तो उन्होंने पाया कि वहां के निवासियों के बीच पहले से ही सर्फिंग एक पॉपुलर खेल था। मतलब, सर्फिंग 1778 के पहले से ही अस्तित्व में था। इतना ही नहीं, उस दौर में सर्फिंग प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता था। इस प्रतियोगिता में जो विजेता होता था, वह जनता के बीच हीरो बन जाता था। उन दिनों हवाई द्वीप के लोग सर्फिंग के लिए 4 से 5 मीटर लंबे सर्फ-बोर्ड का प्रयोग करते थे, जिसका वजन लगभग 68-70 किलोग्राम हुआ करता था।

**मॉडर्न एज में ऐसे पॉपुलर हुआ सर्फिंग:** पहले सर्फिंग के लिए जो सर्फ-बोर्ड इस्तेमाल किया जाता था, वह काफी बड़ा और भारी होता था, जिससे सर्फिंग काफी मुश्किल होती थी, यह सबके बस की बात नहीं होती थी। 1950 के दशक में सर्फिंग के लिए भारी की जगह हल्के वजन के सर्फ-बोर्ड प्रयोग किए जाने लगे। ये बोर्ड लगभग 3 मीटर लंबे होते थे, इनका वजन 10 किलोग्राम तक का होता था। इससे महिलाओं और बच्चों के लिए भी सर्फिंग करना संभव हो गया। सर्फिंग की दुनिया में यह एक बहुत बड़ा चेंज था, जिसने सर्फिंग को काफी ईजी और पॉपुलर बना दिया। अब तो बड़े, बच्चे सभी के लिए अलग-अलग साइज और वजन के सर्फ-बोर्ड्स मिलते हैं। *

## क्या है सर्फ-बोर्ड और कैसे की जाती है सर्फिंग



बच्चों, सर्फ-बोर्ड बेहद जरूरी इक्विपमेंट है, जिसके बिना सर्फिंग संभव नहीं है। सर्फ-बोर्ड सामान्यतः फोम और प्लास्टिक से बनाए जाते हैं, जिन पर फाइबर ग्लास और रेसिन की कोटिंग की जाती है। लहरों पर राइडिंग करने के लिए राइडर सर्फ-बोर्ड पर खड़े होकर राइट और लेफ्ट मूव करता है। सर्फर (सर्फिंग करने वाला) को पहले सर्फ-बोर्ड को सर्फ लाइन के पार ले जाना होता है, यानी उस बिंदु पर जहां लहरें टूटना शुरू होती हैं। बोर्ड पर झुककर वह लहरों के आने की प्रतीक्षा करता है। जब वह लहर आती है, जिस पर वह राइड करना चाहता है, तो वह अपने हाथों से जल्दी से पेडल करके किनारे की तरफ बढ़ता है। लहरों पर सर्फ-बोर्ड के आ जाने के बाद सर्फर सर्फ-बोर्ड पर खड़ा हो जाता है फिर बॉडी-बैलेंस बनाते हुए एडवेंचरस राइड का आनंद लेता है।

## जीके क्विज-139

1.इस बार 26 जनवरी को दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में किस बैलिस्टिक मिसाइल का पहली बार प्रदर्शन किया गया?
2.आईपीएल 2025 में लखनऊ टीम का कैप्टन किसे चुना गया है?
3.नोवाक जोकोविच किस खेल के प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं?
4.भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
5.स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री कौन थे?
6.मौसम संबंधी घटनाएं वायुमंडल के किस परत में होती है?
7.मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
8.विश्व का सबसे गहरा महासागर कौन-सा है?
9.रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
10.'त्रिपिटक' का संबंध किस धर्म से है?



बच्चों, जीके क्विज-139 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-138 का उत्तर :** 1.हॉकी, 2.मिजोरम, 3. 76वां, 4.प्रबोवो सुबियांतो (इंडोनेशिया के राष्ट्रपति), 5. दो साल ग्यारह माह अठारह दिन, 6.बी.आर. अंबेडकर, 7. 6(छह), 8. 24 जनवरी 1950, 9. बंकिम चंद्र चटर्जी, 10.डॉ. राजेंद्र प्रसाद

**जीके क्विज-138 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, विकास-रेवाड़ी, कबीर-हिसार, शिवांगी-बिलासपुर, कबीर-हिसार, चिन्मय-रोहतक, आदित्य-बालोद, कविता-भोपाल, रोहित-मटियारी, साकेत-बेमेतरा, किंशुक-दुर्ग

## बूझो तो जानें

1
दौड़ूं धातु के तारों में।
दूं प्रकाश अंधियारों में।
बड़े-बड़े करती हूं काम।
शीघ्र बताओ मेरा नाम।

2
रात का नभ में करूं धमाल।
हंसिया कभी, कभी फुटबाल।
बादल सम्मुख चले न ड्रामा।
कहलाता हूं सबका मामा।

3
कई मेरे आकार-प्रकार।
पांव मेरे होते हैं चार।
जो भी बैठे, वह इतराए।
भला-सभ्य नागरिक कहाए।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर- 1. बिजली, 2. चंद्रमा, 3. कुर्सी

कहानी
आशा शर्मा

जाड़ा, गर्मी और बरसात ने एक-एक करके अपनी खूबियों का बखान किया, लेकिन बेचारी पतझड़ के पास ऐसी कोई खूबी नहीं थी, जो वह अपना बखान करती। वह उदास होकर रोने लगी। तभी वसंत ने आकर उसे गले लगाया और उसे खुशियों से भर दिया। मन को पुलकित, आनंदित करने वाली प्यारी सी कहानी।

# वसंत का जादू



गर्मी पसीने-पसीने हो रही थी, लेकिन फिर भी बहुत खुश नजर आ रही थी। वह खुश थी, क्योंकि उसे घमंड था कि उसे बच्चे बहुत पसंद करते हैं। करें भी क्यों नहीं! परीक्षा के तनाव के बाद रिजल्ट की खुशी और अगली क्लास में जाने का रोमांच, यह सब इन्हीं लंबी छुट्टियों में तो होता है।

इन छुट्टियों में कोई अपनी नानी-दादी से मिलने तो कोई पहाड़ों में घूमने जाता है। कोई इन दिनों समर कैंप में मस्ती करता है तो कोई अपना मनपसंद शौक पूरा करता है। इसके अलावा आइसक्रीम, कुल्फी, शेक और शर्बत भी जी भर के उड़ाए जाते हैं। गर्मी फूलकर कुप्पा हुई जा रही थी। तभी लबादा ओढ़े थर-थर कांपते हुए सर्दी आई।

'क्या बात है गर्मी! बहुत खुश नजर आ रही हो?' सर्दी ने अपने किटकिटाते हुए दांत किसी तरह रोक कर पूछा।

'अपने तो मजे ही मजे हैं। देखो न! मेरे आते ही बच्चे कितने खुश हो जाते हैं। साल भर मेरे आने का इंतजार करते हैं। क्या यह खुश होने वाली बात नहीं?' गर्मी ने इतरा कर कहा।

'इतना खुश होने की भी जरूरत नहीं है। बच्चे तो मुझे भी बहुत प्यार करते हैं। बरसात में छप-छप करके नहाना, पानी में कागज की नाव तैराना... कितना मजा करते हैं बच्चे। और पिकनिक के लिए भी बच्चे मेरे आने का ही इंतजार करते हैं।' बरसात ने गर्मी की बात बीच में ही काट दी। गर्मी ने उसकी तरफ देखकर अपना मुंह सिकोड़ लिया। उसे बरसात की यह हरकत बिल्कुल भी पसंद नहीं आई।

'हालांकि मैं अपने मुंह मियां मिट्ठू नहीं बन रही, लेकिन बच्चे मुझे भी कुछ कम पसंद नहीं करते। कितनी ही ऐसी मस्तियां हैं, जो बच्चे सिर्फ मेरे ही मौसम में कर पाते हैं। नए साल का जश्न और क्रिसमस का त्योहार कैसे भूल रहे हो तुम लोग!' सर्दी ने कहा तो गर्मी और बरसात चुप हो गईं।

तभी सबने देखा कि पतझड़ रोती सुबकती हुई चली आ रही है। 'अरे! तुम्हें क्या हुआ? और तुम्हारे वो हरे-भरे पत्ते कहां गए? क्या तुम्हारे यहां कोई चोरी हुई है?' सर्दी, गर्मी और बरसात तीनों ने एक साथ पूछा।

'ऐसा ही कुछ समझो। कल शाम अचानक तेज हवाएं चलने लगीं और मेरे हरे-भरे पत्ते झड़ गए। मैं बिल्कुल ठूंठ हो गई।' पतझड़ ने बताया।

'कोई बात नहीं। वैसे भी बच्चे तुम्हें कम ही पसंद करते हैं, क्योंकि तुम अपने साथ वार्षिक परीक्षा जो लेकर आती हो। बेचारे बच्चे तनाव में घिर जाते हैं।' गर्मी ने कहा तो पतझड़ फिर रोने लगी।

तीनों ऋतुएं उसे दिलासा देने लगीं, लेकिन पतझड़ का अपने झड़े हुए पत्तों के लिए रोना बंद नहीं हुआ। तभी हंसती खिलखिलाती हुई वसंत ऋतु भी वहां आई। उसके पीले कपड़े और फूलों वाली माला बहुत सुंदर लग रही थी। गर्मी, सर्दी और बरसात उसे एकटक देखने लगीं। पतझड़ भी अपना रोना भूलकर उसकी खूबसूरती देखने लगी।

'क्या हुआ? तुम सब लोग मुझे ऐसे क्यों देख रही हो? मैं तुम्हारी सहेली वसंत हूं।' वसंत ऋतु खिलखिलाई।

'तुम कितनी प्यारी लग रही हो। हमेशा मुस्कुराती रहती हो। जहां भी जाती हो, सब खुश हो जाते हैं। सिर्फ बच्चे ही नहीं बल्कि बड़े भी।' पतझड़ जरा-सी मुस्कराई।

'मुझे मुस्कुराना अच्छा लगता है। मैं हंसती हूं तो मेरे साथ पूरी दुनिया हंसती है, लेकिन तुम इतनी उदास क्यों हो? आओ मेरे साथ। वहां खेलने चलते हैं उन बच्चों के पास। वसंत ने पतझड़ का हाथ पकड़ कर कहा।

'नहीं! मैं ऐसे नहीं चल सकती। देखती नहीं, मेरे शरीर पर पत्ते नहीं हैं।' पतझड़ ने शर्मिंदा होते हुए कहा। उसे देखकर गर्मी, बरसात और सर्दी मुंह छिपा कर हंसने लगीं। वसंत को उन तीनों की यह हरकत बिल्कुल भी अच्छी नहीं लगी। वह मुस्कुराती हुई पतझड़ को गले से लगाकर उसके आंसू पोंछने लगी।

'बस! इतनी सी बात? ये लो।' कहते हुए वसंत ने हरे-हरे कोमल पत्ते पतझड़ के शरीर पर सजाने शुरू कर दिए। देखते ही देखते पतझड़ फिर से हरी-भरी हो गई। उसने वसंत को धन्यवाद दिया। 'खुशियां बांटने से खुशियां बढ़ती हैं, कम नहीं होतीं।' वसंत ने बाकी तीनों ऋतुओं की तरफ देखते हुए कहा। वे भी अब शर्मिंदा लग रही थीं।

'तुम्हारे इसी सरल और मीठे स्वभाव के कारण तुम सबको प्रिय हो।' पतझड़ ने कहा तो बाकी सबने भी उसकी हां में हां मिलाई। वसंत खिलखिलाते हुए बच्चों के साथ खेलने चल दी। *

कविता
सतीश मिश्र



## तितली

बच्चों की है प्यारी तितली,
रंग-बिरंगी न्यारी तितली।
फूल-फूल पर इठलाती है,
कली-कली पर इतराती है।
भांति-भांति के रस चखती है,
बगिया में मंडराती तितली।
बच्चों की है प्यारी तितली,
रंग-बिरंगी न्यारी तितली।।
सजी हुई जैसे रंगोली,
कितनी प्यारी, कितनी भोली।
हाथ लगाते ही उड़ जाती,
फर-फर पर फहराती तितली।
बच्चों की है प्यारी तितली,
रंग-बिरंगी न्यारी तितली।।
बच्चे दौड़े इसके पीछे,
गली, मोहल्ले, बाग-बगीचे।
किंतु किसी के हाथ न आए,
चंचल, चतुर, सुहानी तितली।
बच्चों की है प्यारी तितली,
रंग-बिरंगी न्यारी तितली।।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक जैसे दो चित्र दिए गए हैं। वैसे तो ये दोनों चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें 6 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर बताओ।



उत्तर: 1.बाईं तरफ ऊपर ट्रंक पर सो रही बिल्ली दूसरी तरफ घूमकर सोई हुई है। 2.ट्रंक में दो लॉक्स लगे हुए हैं। 3.नीचे बाईं तरफ सो रही बिल्ली की दोनों आंखें बंद हैं। 4.आगे बीच में खड़ी बिल्ली के पेट की दो धारियां कम हैं। 5.एकदम पीछे बैठी बिल्ली की पूंछ का ज्यादा हिस्सा जमीन से सटा हुआ है। 6.एकदम दाईं तरफ खड़ी बिल्ली का बायां पंजा उसकी पूंछ से सटा हुआ है।

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बाईं तरफ एक पक्षी की परछाई दी गई है। दाईं तरफ 6 पक्षियों के चित्र दिए गए हैं। ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए पक्षी की परछाई का कौन-सा चित्र सही है?




उत्तर : f

## सबसे अलग चित्र पहचानो

बच्चों, इस चित्र की प्रत्येक पंक्ति में दिए गए चित्रों में एक चित्र बिल्कुल अलग है, बाकी सभी चित्र किसी न किसी रूप में समानता रखते हैं। तुम हर पंक्ति में सबसे अलग चित्र पहचानकर उसके चारों तरफ पेन या पेंसिल से गोल घेरा बनाओ।



## चिंतन

# यह बजट सत्र उपयोगी रहे हंगामे में नष्ट न हो वक्त

आज 31 जनवरी से बजट सत्र का आगाज हो रहा है। दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ मोदी 3.0 सरकार का दूसरा महत्वपूर्ण बजट सत्र शुरू होगा। पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव से पहले फरवरी में अंतरिम बजट पेश हुआ था और जुलाई में पूर्ण बजट। जून में सरकार गठन के तुरंत बाद बजट आया था, तो इसमें वो पैनापन नहीं था, जिसकी जरूरत थी। इस लिहाज से कल एक फरवरी को पेश होने वाला बजट सरकार की दशा व दिशा तय करेगा। अभी सरकार के पास चार वर्ष हैं, जिसमें उसके पास व्यापक आर्थिक सुधार को आगे बढ़ाने का अवसर है। बजट सत्र से ठीक एक दिन पहले हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने अपने एजेंडे व मंशा सरकार के सामने रखे हैं, जिसमें महाकुंभ में भगदड़, अतिविशिष्ट को अधिक तवज्जो, किसान आंदोलन व किसानों की समस्या, महंगाई, बेरोजगारी आदि विषयों पर चर्चा की मांग है। इस बैठक में सरकार ने विपक्ष से कहा है कि बजट सत्र के एजेंडे पर कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) निर्णय करेगी। साफ है कि सरकार व विपक्ष के रुख में सामंजस्य की बात नहीं है, इससे बजट सत्र में हंगामा के आसार बन रहे हैं। जैसा कि अब तक करीब दो दशक से संसद सत्र के दौरान हंगामे के चलते सदन का कीमती वक्त जाया होता रहा है, सत्र में विधेयक पास कराना मुश्किल होता गया है, हंगामेदार सत्र के कारण ही विधेयक पर ठीक ढंग से चर्चा तक नहीं हो पाती है। कायदे से सर्वदलीय बैठक सत्र से दो दिन पहले हो, उसमें सभी बिंदुओं पर चर्चा के बाद कार्य एजेंडा तय हो जाए, फिर उसी अनुरूप सदन में चर्चा हो। सरकार को भी सभी प्रस्तावित विधेयकों और कामकाज के बारे में विपक्ष के सामने सभी पहलुओं को रखना चाहिए। सरकार व विपक्ष अगर सामंजस्य के साथ चलेंगे तो कोई भी संसद सत्र सुचारू रूप से चल सकेगा। संसद सत्र को राजनीति का अखाड़ा बनने से रोकना सरकार का ही दायित्व है, जिसमें विपक्ष को विश्वास में लेना जरूरी है। अगर देश बदल रहा है, अमृतकाल चल रहा है, नए भारत की बात हो रही है तो राजनीति भी बदलनी चाहिए। संसद राजनीति की शाला नहीं होनी चाहिए। 21वीं सदी के दो दशक बीतने के बाद की संसद विधायी कार्यों व सार्थक चर्चा से लबरेज होनी चाहिए। विकसित भारत के लक्ष्य में संसद की गतिशीलता, सार्थकता और राजनीतिक व संसदीय अनुशासन भी होने चाहिए। न तो विपक्ष की मांग को अनसुना किया जा सकता है और न ही सरकार कुछ भी थोप सकती है। संसद की कार्य उत्पादकता बढ़ाने की आवश्यकता है। भारतीय संसद की कार्यप्रणाली दुनिया के लिए नजीर बननी चाहिए। आमतौर पर सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति संसद सत्र के पहले दिन से ही टूट जाती है, इसे रोकने की जरूरत है। लोकसभा चुनाव के बाद सांसदों को विधायी कार्य के बारे में प्रॉपर अनिवार्य प्रशिक्षण होना चाहिए, सांसदों के बात रखने का तरीका तय होना चाहिए। हालांकि यह सब नियम है, इसके बावजूद व्यवहार में संसद की गरिमा का पालन नहीं होता है। सांसद हंगामे को ही अपना दायित्व समझ लेते हैं। सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक राजनीतिक दलों को सरकार के विधायी एजेंडे के बारे में सूचित करने और विपक्षी दलों की मांगों के बारे में जानने का अवसर होता है। दो चरणों में चलने वाले यह बजट सत्र देश के लिए उपयोगी होना चाहिए, बजट व अन्य सभी विधेयकों पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए, चर्चा हांगामे की भेंट नहीं चढ़नी चाहिए। हंगामा खड़ा करना विपक्ष का मकसद नहीं होना चाहिए।

## बैंकिंग सुधार

सतीश सिंह



# बैंकों को सशक्त बनाने वाले प्रावधान की बजट में उम्मीद

वर्ष 2025 के लिए केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश किया जाने वाला है, जिसमें आगामी वित्त वर्ष के लिए वैसे प्रावधान किए जाएंगे, जिनकी मदद से विकास को गति दी जा सके। साथ ही वंचित तबकों और किसानों की बेहतरी के लिए समुचित उपाय किया जा सके। देश के विकास को सुनिश्चित करने में विनिर्माण, निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ, सड़क, रेल आदि क्षेत्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, लेकिन बैंकों की भूमिका इन सभी क्षेत्रों से ज्यादा महत्वपूर्ण रही है और ये इन सभी क्षेत्रों के विकास की दशा और दिशा को तय कर रहे हैं। बजट को उद्देश्यपरक और कारगर बनाने के लिए सभी महत्वपूर्ण हितधारकों से सुझाव मांगे गए हैं, जिसमें बैंक भी शामिल हैं। आजादी के बाद से ही देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में बैंक अहम भूमिका निभा रहे हैं, इसलिए जरूरी है कि सरकार बैंकों को सशक्त बनाने वाले प्रावधान बजट में करे। जब बैंक मजबूत होंगे, तभी ये देश को भी आर्थिक रूप से सबल बना सकेंगे। आज बैंकों के समक्ष सबसे बड़ी समस्या सस्ती पूंजी की कमी की है। मोटे तौर पर बैंक का काम ग्राहकों से जमा लेना और उसी जमा को जरूरतमंदों और कारोबारियों के बीच ऋण के रूप में वितरित करना है। बैंक जमा पर कम ब्याज देते हैं और ऋण पर ज्यादा ब्याज लेते हैं। ब्याज दरों में अंतर से ही बैंक मुनाफा कमाता है। मौजूदा समय में बचत, आवृति और सावधि जमा पर अर्जित ब्याज पर सरकार टैक्स वसूल रही है। बैंकों ने भी अपनी कमाई बढ़ाने के लिए जमा को म्यूच्यूअल फंड और बीमा में निवेश किया है। इधर, कुछ सालों से अर्थव्यवस्था के मजबूत रहने से शेयर बाजार का सेंसेक्स लगातार ऊपर जा रहा है और लोगों को शेयर बाजार व म्यूच्यूअल फंड में निवेश पर बेहतर प्रतिफल मिल रहा है। ऐसी स्थिति में घरेलू निवेशक बैंक में निवेश करने से परहेज कर रहे हैं। जमा की किल्लत की वजह से बैंकों को ऋण देने के लिए बाजार से अधिक ब्याज पर पूंजी उठानी पड़ रही है और बाजार में तरलता का संकट पैदा होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। उधारी के उठाव में कमी आने से आर्थिक गतिविधियों में कमी दर्ज की गई है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उल्लेखनीय कमी आई है। लिहाजा,व्यक्तिगत बचत को प्रोत्साहित करने के लिए बचत, आवृति एवं सावधि जमा पर अर्जित ब्याज को करमुक्त बनाने की जरूरत है। साथ ही,आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत सभी बैंक जमा पर कर की छूट भी देनी चाहिए। जमा को प्रोत्साहित करने के लिए गारंटीकृत रिटर्न के साथ सरकार द्वारा समर्थित बचत योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू करना चाहिए, क्योंकि ग्रामीण अभी भी शेयर बाजार और म्यूच्यूअल फंड में निवेश करने से बचते हैं। इस क्रम में बचत को प्रोत्साहित करने के लिए महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और किसानों द्वारा जमा राशि पर कर मुक्त ब्याज देने की व्यवस्था करनी चाहिए। सरकार को आकर्षक दीर्घ-अवधि सरकारी बचत बॉन्ड बैंकों के माध्यम से बेचना चाहिए, ताकि बैंक की जमा में वृद्धि हो और सार्वजनिक क्षेत्र की उधारी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिल सके। सरकार को ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाओं को रोकने के लिए पुख्ता कानून बनाने की जरूरत है, क्योंकि साइबर अपराध की आवृति बढ़ने से भी आमजन बैंकों में जमा रखने से परहेज कर रहे हैं। बैंक के विफल होने की स्थिति में जमा बीमा दावों की प्रक्रिया को और सरल बनाना चाहिए। इससे भी जमा को बढ़ावा मिल सकता है। बैंकों के ग़ैर निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) में विगत वर्षों में उल्लेखनीय कमी आई है। फिर भी, सर्फेसी, बैंक अदालत आदि वसूली तंत्रों को और भी मजबूत बनाने की जरूरत है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद बैंक कर्मचारियों को दिए जाने वाले लाभों पर टीडीएस जनवरी 2025 से शुरू की जाने वाली है। कुछ बैंकों ने फ़िलिहाल इस भार को खुद वहन किया है तो कुछ ने नहीं। सरकार द्वारा मामले में हस्तक्षेप करने की जरूरत है। हाल के कुछ वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन में बेहतरी आई है और एनपीए में भी उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। बैंकिंग सुविधाओं के डिजिटल हो जाने के बाद, ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाओं में बहुत तेजी आई है, जिससे निवेशकों का बैंकों पर से भरोसा कम हुआ है। बैंकों के वसूली तंत्र की कमजोरी के कारण भी एनपीए में अपेक्षित कमी नहीं आई है। इधर, बैंक कर्मचारियों को दिए जाने वाले लाभों पर टीडीएस की कटौती से उनके मनोबल में कमी दर्ज की गई है, जिससे बैंक के प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना बढ़ी है। अस्तु, इन समस्याओं का समाधान करने वाले प्रावधान बजट में करने की जरूरत है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जन अपेक्षाओं पर खरा उतरे शहरी सरकार



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों तथा त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों की सरगर्मियां तेज हो चुकी है। दलीय आधार पर 10 नगर पालिक निगमों, 49 नगर पालिका परिषदों और 114 नगर पंचायतों में चुनाव हो रहे हैं। राज्य सरकार ने इन निकायों के महापौर एवं अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली द्वारा कराने का फैसला किया है जो लोकतान्त्रिक व्यवस्था के लिए सार्थक पहल है। " वन नेशन,वन इलेक्शन" के गहमागहमी के बीच छत्तीसगढ़ पूरे देश में पहला राज्य है जहां शहरों से लेकर गांवों की सरकार चुनने के लिए एक चुनाव हो रहे हैं। दलीय आधार पर होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव जहां "ईवीएम" से होंगे वहीं गैर दलीय आधार पर हो रहे पंचायत चुनाव "बैलेट पेपर" के जरिए होगा। भले ही पंचायत चुनाव गैर दलीय आधार पर हो रहे हैं लेकिन इन चुनावों में भी राजनीतिक दलों की पूरा दखल होता है। महत्वपूर्ण यह कि राज्य में हो रहे ये चुनाव " हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे" ध्येय वाक्य वाले साल भर पुराने विष्णु देव सरकार के लिए "लिटमस टेस्ट" है वहीं विपक्षी दल कांग्रेस के लिए " करो या मरो " की परीक्षा है। यह चुनाव उन लाखों शहरी और ग्रामीण मतदाताओं के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे इस चुनाव के जरिए अपने शहरों और गांवों का भाग्य नियंता चुनते हैं जिनसे उनके दैनंदिन कामों के लिए वास्ता पड़ता है। सत्ता का विकेंद्रीकरण और शहरों व गांवों के विकास में आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ही यह चुनाव कराए जाते हैं। मतदाताओं की भी जवाबदेही है कि वे इस चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें तथा प्रतिनिधि चुनाव में धर्म, जाति और क्षेत्रवाद की जगह योग्यता को तरजीह दें।

गौरतलब है कि स्थानीय निकायों के जिम्मे केंद्र और राज्य सरकारों के योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ ही शहरों विकास, साफ - सफाई सहित अन्य सामुदायिक एवं जन कल्याणकारी कार्यों का संपादन करना है। इसके अलावा आमजनता से जुड़े रोजमर्रा के काम जैसे निवास प्रमाणपत्र, बच्चों के स्कूली दाखिले और छात्रवृत्ति के लिए प्रमाण पत्र, राशनकार्ड, बीपीएल कार्ड, मजदूर कार्ड, घरों में नल कनेक्शन सहित वार्डों में साफ-सफाई, पेयजल, बिजली व्यवस्था सहित अन्य अनेक सामुदायिक कार्य इन चुनावों के जरिए चुने गए पार्षदों जिम्मे ही होता है। बीते दशकों के दौरान केंद्र सरकार द्वारा शहरी विकास से संबंधित अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन सीधे नगरीय निकायों के माध्यम से किया जा रहा है बावजूद ये संस्थाएं जन अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पा रही है। इसके पीछे मुख्य वजह निर्वाचित प्रतिनिधियों और वहां पदस्थ नौकरशाहों के बीच आपसी टकराव, राजनीतिक हस्ताक्षेप और गतिरोध, फिजूलखर्ची ,भ्रष्टाचार व भाई - भतीजावाद है। अमूमन हर चुनाव में सभी राजनीतिक दल और उम्मीदवार मतदाताओं के सामने शहर को साफ - सुथरा और सुंदर, प्रदूषण, धूल और मच्छर मुक्त, चौबीस घंटे पेयजल, मजबूत सड़क, अतिक्रमण और अवारा मवेशियों से छुटकारा दिलाने जैसे वादे करते हैं लेकिन चुनाव के बाद स्थिति ज्यों कि त्यों ही रहती है।



छत्तीसगढ़ के लिहाज से देखें तो राज्य के राजधानी से लेकर सभी प्रमुख शहर वायु और जल प्रदूषण, गंदगी, धूल, मच्छर, खस्ताहाल सड़कों, बरसात में जलभराव, बजबजाती नालियों, चौक - चौराहों पर अवारा मवेशियों के जमावड़े, अव्यवस्थित यातायात, लचर पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम,अवैध कब्जों, बदहाल सफाई, ड्रेनेज और पेयजल व्यवस्था, बंद स्ट्रीट लाइट, अवैध झुग्गियों और गुमटियों जैसे समस्याओं से जूझ रहे हैं। राज्य के अधिकांश शहरों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की पुख्ता व्यवस्था अभी तक सुनिश्चित नहीं हो पायी है फलस्वरूप कचरों का पहाड़ जनस्वास्थ्य के साथ पर्यावरण के लिए भी नुकसानदेह साबित हो रहा है। शहरों के प्राकृतिक जल स्त्रोत नदी - तालाब और उद्यान सौंदर्यीकरण के नाम पर व्यवसायिक गतिविधियों के भेंट चढ़ रहे हैं फलस्वरूप जलस्त्रोतों और उद्यानों का इकोसिस्टम भी प्रभावित हो रहा है। अनियोजित विकास और जनसंख्या के बढ़ते दबाव की वजह से जहां शहरों की हरियाली खत्म हो रही है वहीं कांक्रीट के बढ़ते जंगल की वजह से शहरों का तापमान लगातार बढ़ रहा है तथा भूजल का स्तर तेजी से घट रहा है। राज्य के विभिन्न शहरों के औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित कोल आधारित उद्योगों के धुंए तथा औद्योगिक अपशिष्टों तथा झुग्गी बस्तियों में लकड़ी और कोयले की सिगड़ियां जलाने और गंदगी एवं निर्माण कार्यों से उड़ने धूल का दुष्प्रभाव पर्यावरण और लोगों के सेहत पर भी परिलक्षित हो रहा है।

शहर सदैव उच्च शिक्षा के लिए जाने जाते रहे हैं लेकिन शिक्षण संस्थानों के जमीनों पर तन रहे कामर्शियल काम्प्लेक्स तथा अन्य व्यवसायिक गतिविधियों के कारण स्कूलों और कॉलेजों के शैक्षणिक वातावरण पर बुरा असर पड़ रहा है वहीं इन संस्थानों में खेलकूद का मैदान भी नहीं बचा है। किसी भी शहर की पहचान उसकी सांस्कृतिक रचनाधर्मिता से भी होती है लेकिन छत्तीसगढ़ के शहर इस पहचान से अछूते हैं। राज्य के शहरों में कला, पेंटिंग, रंगमंच, साहित्य, संस्कृति से जुड़े लोगों के लिए कोई ऐसा सर्व सुविधायुक्त आधुनिक थियेटर या कलाविथिका नहीं है जहां इन विधाओं का माकूल प्रदर्शन संभव हो सके। गौरतलब है कि साल 2015 में राजधानी रायपुर दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों की सूची में पांचवें पायदान पर शामिल हो चुका है वहीं अभी भी देश के सबसे ज्यादा प्रदूषित 15 शहरों में रायपुर, रायगढ़, कोरबा और भिलाई - दुर्ग शामिल है। कोरबा, रायगढ़, रायपुर और भिलाई - दुर्ग जैसे औद्योगिक शहरों के सफेद राखड़, काली धूल और दमघोंटू हवा ने यहां के वाशिंदों का जीना दुश्वार कर दिया है।

देश के 100 शहरों की शक्ल- सूरत और सीरत संवारने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार ने साल 2015 में देश में " स्मार्ट सिटी मिशन" का आगाज किया था। इस मिशन के तहत शहरी जनजीवन के गुणवत्ता में सुधार हेतु शहरों के अधोभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, सुरक्षा और संचार प्रौद्योगिकी का विकास, गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य और पेयजल व्यवस्था की सुनिश्चितता और जनभागीदारी से सरकारी कामकाज में सुधार जैसे उद्देश्य निर्धारित किए गए थे। छत्तीसगढ़ के तीन शहरों रायपुर, नवा रायपुर और बिलासपुर को स्मार्ट सिटी मिशन के लिए चुना गया था लेकिन ये शहर अभी भी स्मार्ट सिटी के लक्ष्य और मानकों से कोसों दूर है। रायपुर और बिलासपुर की पहचान गढ्ढे और धूल युक्त शहर की बन चुकी है वहीं नवा रायपुर के सड़कें और चौराहे अवारा मवेशियों के "गौठान" बने हुए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर न्यायधानी बिलासपुर में भूमिगत नाली निर्माण तथा रायपुर में अंडर ग्राउंड केबल डालने के नाम पर होने वाले सड़क खुदाई की वजह से इन शहरों को " खोदापुर" नाम देकर प्रशासन को ट्रोल भी किया जाता रहा है। बहरहाल सरकारी तंत्र की लालफीताशाही के चलते मोदी सरकार की शहरों को स्मार्ट बनाने की महत्वाकांक्षी योजना कछुआ चाल से चल रही है। इस योजना में भ्रष्टाचार, फिजूलखर्ची और गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों की खबरें जनता के अरमानों पर लगातार पानी फेर रही है। शहरों की स्थिति देखने के बाद रहवासी यही उलाहना दे रहे हैं कि गोया स्मार्ट सिटी की बात छोड़िए इन्हें रहने लायक ही बना दीजिए।

गौरतलब है कि किसी भी प्रदेश के मजबूत अर्थव्यवस्था का प्रतिबिंब उसका चमचमाता शहर ही होता है, शहर जहां तरक्की, रचनात्मकता और नवीनता का केंद्र होता है वहीं यह अर्थव्यवस्था में प्रगति और रोजगार का जनक भी होता है।छत्तीसगढ़ जैसे विकासशील राज्य में शहरों की दुर्दशा जहां प्रदेश के आर्थिक विकास में बाधक हैं वहीं इसका प्रभाव जन-स्वास्थ्य पर भी पड़ रह रहा है। दूसरी ओर शहरों की दयनीय स्थिति का पूरा ठीकरा नगरीय निकाय प्रशासन पर ही फोड़ना न्यायसंगत नहीं होगा बल्कि इसके लिए आम नागरिक भी जवाबदेह हैं जो अपने नागरिक कर्तव्यों के प्रति सदैव उदासीन नजर आते हैं। शहरों के लचर ड्रेनेज सिस्टम और पर्यावरण प्रदूषण के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार सिंगल यूज प्लास्टिक जिसमें पॉलिथीन कैरी बैग, डिस्पोजेबल गिलास, कटोरी, स्ट्रा आदि सामाग्रियां हैं। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित किया गया है बावजूद आम नागरिक इसका उपयोग धड़ल्ले से कर रहे हैं फलस्वरूप इसका निर्माण, विक्रय और वितरण पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। नागरिकों को वाहनों के प्रदूषण जांच, पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम का अधिकाधिक उपयोग, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग बंद करने, निर्माण कार्यों के दौरान ग्रीन नेट का उपयोग करने, अनियमित निर्माण, दुकानों के सामने अवैध पार्किंग व अवैध कब्जों की प्रवृत्ति के अलावा मवेशियों को अवारा छोड़ने, सार्वजनिक स्थलों में कचरा फेंकने जैसे गतिविधियों पर आत्म अनुशासन प्रदर्शित करने की जरूरत है ताकि हम अपने शहर पर गर्व कर सकें। अलबत्ता हालिया चुनाव के सार्थकता के मद्देनजर प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों से भी अपेक्षा है कि वे अपने वादों और चुनाव घोषणा पत्रों के क्रियान्वयन के प्रति पूरी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करें ताकि शहरी सरकार जन अपेक्षाओं पर खरा उतर सके।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

# हर दिन सुखद और आनंददायक



संकलित

## दर्शन

आनंद प्रत्येक व्यक्ति का सच्चा लक्ष्य है। मनुष्य आनंदकी लालसा करता है और इसे अनेक रीतियों से खोजने का प्रयास करता है। वह अच्छा भोजन करने में, मैत्रीपूर्ण सामाजिक समूहों में, स्नेही परिवार में, एक भारी-भरकम वेतन में, शानदार पर्यटन में, तथा सबसे बढ़िया घरों एवं कारों में आनंद प्राप्त करता है। फिर भी, अपनी आशा के अनुरूप प्राप्त कर लेने के उपरांत भी, उसकी प्रसन्नता स्थायी नहीं रहती है। जीवन के उतार-चढ़ाव उसे बार-बार झकझोरते रहते हैं। चाहे वह खाना हो, सोना हो, खेलना हो, प्रार्थना करना हो अथवा कार्य करना। अपनी सभी गतिविधियों को संतुलित करने से आपके जीवन में जो संतुलन आएगा, वह आपके जीवन के प्रत्येक दिन को पूर्णता से जीने में सहायता करेगा। अपने जुनून को अपना पूर्णकालिक व्यवसाय बनाएं। आप प्रत्येक दिन संतुष्टि का अनुभव करेंगे तथा सदैव अपनी उत्कृष्टता की पराकाष्ठा प्राप्त करेंगे। आप अपनी आयु के आधार पर अपना परोपकार का चार्ट बना सकते हैं। परोपकार का आपकी वित्तीय व्यवस्था में एक अंश अवश्य होना चाहिए, क्योंकि केवल इसका समावेश ही आपको अद्वितीय संतोष की अनुभूति प्रदान कर सकता है। सदैव स्मरण रखें कि बाह्य स्थितियां एवं परिस्थितियां सदैव अनुकूल नहीं रह सकती हैं। ध्यान के माध्यम से आत्म-अवलोकन करें तथा अपनी आंतरिक गहन शांति एवं नीरवता का सागर खोजें। विश्वास करें कि सब कुछ दिव्य योजना के अनुसार नियंत्रण में है। *- सद्गुरु श्रीमधुसूदन साई*

# देने वाला तो कोई और ही



संकलित

## प्रेरणा

रहीम खान खाना का नियम था, कि वे प्रतिदिन गरीब याचकों को दान देते थे और देते समय वह कभी अपनी नज़र दान लेने वाले पर नहीं डालते थे। वह नज़र नीचे करके रूपए-पैसों के ढेर से मुट्ठी भरकर गरीबों को देते थे। अपने नियम अनुसार एक दिन जब वह गरीबों को दान दे रहे थे तो उनसे किसी ने पूछा, 'जैसे-जैसे आपका हाथ दान देने के लिए उठ रहा है, आपके नैन नीचे क्यों झुकते जा रहे हैं? तुम ऐसे दान क्यों देते हो? ऐसा तुमने कहां से सीखा? ऐसी देनी देन जू कित सीखे हो सैन। ज्यों-ज्यों कर ऊंचे करो, त्यों-त्यों नीचे नैन। इस पर रहीम ने दोहे के रूप में इसका उत्तर दिया, 'देनहार कोउ और है, भेजत सो दिन रैन। लोग भरम हम पै धरैं, याते नीचे नैन' देने वाला तो कोई और ही है, जो दिन-रात दे रहा है, लेकिन लोग समझते हैं कि मैं दे रहा हूं, इसलिये मेरी आंखें अनायास ही शर्म से झुक जाती हैं। मनुष्य कहां किसी को कुछ दे सकता है, देने वाला तो दूसरा ही है, जो दिन-रात भेजता रहता है, इन हाथों से दिलवाने के लिए। लोगों को व्यर्थ ही भ्रम हो गया है कि रहीम दान देता है। मेरे नेत्र इसलिए नीचे को झुके रहते हैं कि मांगने वाले को यह भान न हो कि उसे कौन दे रहा है, और दान लेकर उसे दीनता का एहसास न हो। कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि पहले प्रश्न वाला दोहा गोस्वामी तुलसीदास का है, वहीं कुछ लोग इसे कवि गंग का मानते हैं। लेकिन प्रश्न चाहे किसी ने भी किया हो, महत्वपूर्ण बात तो रहीम के उत्तर में निहित है, कि दान देते समय या किसी की मदद करते समय हमारे मन में अभिमान नहीं बल्कि नम्रता का भाव होना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' में चुनौतियां

देश में एक राष्ट्र, एक चुनाव की प्रक्रिया के लिए समय-समय पर आवाज उठाई जाती है। इसके लिए केंद्र सरकार ने एक कमेटी का गठन भी किया है। इसका नेतृत्व पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कर रहे हैं। कमेटी ने आम लोगों से विभिन्न प्लेटफार्म पर एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए राय देने के लिए कहा है ताकि इस प्रक्रिया के लिए आमजन के मन की बात को भी समझा जाए। एक साथ चुनाव ऐसे लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरेगा जो हर चुनाव में केंद्र और राज्य सरकार की अच्छी-बुरी नीतियों का विश्लेषण कर अपने कीमती वोट का प्रयोग करते हैं। क्या इससे भ्रष्ट और आमजन को अनदेखा करने वालों की नीयत बदलेगी?

*-विजय कुमार, रायपुर*

## ट्रेंड

### 'बापू' को शत-शत नमन!



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन! श्रद्धेय 'बापू' की शिक्षाएं और उनका त्यागमय जीवन विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। आइए, उनके दिखाए सत्य, अहिंसा व स्वदेशी के मार्ग पर चलकर हम सभी 'नए भारत-विकसित भारत' के निर्माण हेतु संकल्पित हों।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम उप्र

### सद्प्रयासों पर मिट्टी



ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो लोग महाकुंभ में फंसे श्रद्धालुओं के लिए भोजन-पानी की व्यवस्था कर रहे हैं, उनके सद्प्रयासों के ऊपर राजनीतिक विद्वेषवश मिट्टी डाल दी जा रही है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### मानव बुद्धि महत्वपूर्ण



मुकेश अम्बानी ने बहुत अच्छा कहा कि उत्पादकता, सटीकता और दक्षता बढ़ाने में एआई एक महत्वपूर्ण तत्व हो सकता है। लेकिन अंततः यह मानव बुद्धि ही है जो प्रगति, विकास और नवाचार का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण होगी।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

### स्वास्थ्य ही सब कुछ



खुद प्रधानमंत्री ने इसे इतने उपयुक्त तरीके से रखा है कि स्वास्थ्य है तो सब कुछ है। कुछ भी वर्कआउट करो पर करो तो सही। नियमित व्यायाम आपके जीवन को बदल देगा। इस पर विश्वास करें और आगे बढ़ें।

-अक्षय कुमार, अभिनेता

## करंट अफेयर

# ट्रंप को 'अमेरिकी राष्ट्रवादी' कहा भारत-अमेरिका संबंध होंगे मजबूत



शिव सायटिका
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
नकली माल से सावधान

# पिनाका रॉकेट सिस्टम की स्वदेशी गोलाबारूद से बढ़ेगी मारक क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



भारत की सीमाओं पर चीन और पाकिस्तान की तरफ से बने हुए साझा युद्ध के खतरे के बीच सेना द्वारा प्रयोग किए जा रहे पिनाका रॉकेट सिस्टम की युद्धक क्षमता में जल्द ही कई गुना की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) ने अपनी एक हालिया बैठक में इसके लिए दो तरह के घातक गोलाबारूद (हाई एक्सप्लोसिव प्री फ्रेगमेंटेड एम्युनिशन और एरिया डिनायल एम्युनिशन) की स्वदेश में उत्पादन और खरीद से जुड़े हुए कुल करीब 10 हजार 200 करोड़ रुपए के दो समझौतों को मंजूरी प्रदान कर दी है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि इन दोनों गोलाबारूद का देश में स्वदेशी आधार पर उत्पादन के साथ खरीद की जाएगी।

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com, त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं: • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर) जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम — बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल (आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल — राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

## शब्द पहेली - 5764



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

**शब्द पहेली- 5763 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | स्क | ■ | मा | हि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख | र | ■ | वा |
| ब | न्ध | क | ■ | ■ | बी | वी | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| रा | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | द्द | क | र | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5774

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5773 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

# 38वां राष्ट्रीय खेल : गोल्डन हैट्रिक...10 साल बाद पुरुष वेटलिफ्टिंग में छग को मिला गोल्ड

देहरादून से ललित राठोड़

38वां राष्ट्रीय खेल के दूसरे दिन गुरुवार को छत्तीसगढ़ ने तीन गोल्ड और तीन कांस्य पदक अपने नाम किया है। दिनभर चले मुक़ाबले में वेटलिफ्टिंग में महिला और पुरुष वर्ग में 2 स्वर्ण पदक, कलरीपायट्टु में 01 स्वर्ण व 02 कांस्य पदक एवं बीच हैंडबॉल में 01 कांस्य पदक जीता। वेटलिफ्टिंग के पुरुषों के 55 किलोग्राम वजन वर्ग में छत्तीसगढ़ के विजय कुमार ने 105 किलोग्राम स्नैच में एवं 143 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क के साथ कुल 248 किलोग्राम वजन उठाकर राष्ट्रीय खेल में राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए छत्तीसगढ़ को स्वर्ण पदक दिलाया। वेटलिफ्टिंग के पुरुष वर्ग को छत्तीसगढ़ राज्य को 10 साल बाद नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक मिला है। इसके पूर्व 35वीं राष्ट्रीय खेल 2015 केरल में रुस्तम सारंग ने स्वर्ण पदक जीता था।

## दूसरे दिन छत्तीसगढ़ ने जीते 3 स्वर्ण, 3 कांस्य पदक



## ज्ञानेश्वरी ने जीता पीला तमगा

छत्तीसगढ़ को दूसरा स्वर्ण पदक भी वेटलिफ्टिंग के 49 किलोग्राम वजन वर्ग महिलाओं के प्रतियोगिता में ज्ञानेश्वरी यादव ने 85 किलोग्राम स्नैच 106 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क कुल 191 किलोग्राम वजन उठाकर लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीता। ज्ञानेश्वरी यादव ने इसके पूर्व 37वें राष्ट्रीय खेल गोवा में छत्तीसगढ़ को स्वर्ण पदक दिलाया था। वेटलिफ्टिंग के मैडल सेरेमनी में छत्तीसगढ़ के शेफ-डी-मिशन सहीराम जाखड़, डिप्टी शेफ-डी-मिशन प्रशांत सिंह रघुवंशी, छत्तीसगढ़ वेइटलिफ्टिंग के सचिव राजेश जंघेल, प्रशिक्षक अजयदीप सारंग उपस्थित थे।

**महिला हैंडबॉल टीम का कांस्य पदक पर कब्ज़ा**

छत्तीसगढ़ की बीच महिला हैंडबॉल टीम ने असम को दो सीधे सेट में 15-10, 16-14 अंको से पराजित कर कांस्य पदक पर कब्ज़ा किया। छत्तीसगढ़ की बीच महिला हैंडबॉल टीम ने इसके पूर्व 37वें राष्ट्रीय खेल गोवा में भी कांस्य पदक जीता था। बीच महिला हैंडबॉल टीम ने अभी तक खेले गए लगातार 03 नेशनल गेम्स में 01 रजत एवं 02 कांस्य पदक जीता है।

## कलरीपायट्टु में दूसरे दिन भी गोल्ड

कलरीपायट्टु खेल में विवेक सिंह ने हाई किक इवेंट में 8.9 फ़ीट की ऊंचाई पर किक कर छत्तीसगढ़ को कलरीपयट्टु खेल में स्वर्ण पदक, रिशां नैन को कलरीपयट्टु खेल के 60 से 75 किलोग्राम वजन वर्ग में कांस्य पदक एवं अनिता को कलरीपयट्टु खेल के हाई किक इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही कलरीपायट्टु खेल में छत्तीसगढ़ को कुल 2 स्वर्ण पदक एवं 2 कांस्य पदक प्राप्त हुआ है।

## नेशनल मैच में डाइट के लिए नहीं थे पैसे सामान्य भोजन से तैयार किया शरीर



वेटलिफ्टिंग में रायपुर के विजय कुमार ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। हरिभूमि से बातचीत में बताया कि 2022 के बाद से वेटलिफ्टिंग में मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा है। 3 गोल्ड 2 सिल्वर मेडल मिले हैं। विजय ने बताया कि पिता जीतराम माहेश्वरी मजदूरी करते हैं। जब 12वीं में था उस समय पढ़ाई करने के पैसे नहीं थे। घर वालों ने पढ़ाई करने से मना कर दिया था, बड़ी मुश्किल से मैंने पढ़ाई पूरी की। मुझे मालूम था 12वीं के बाद मुझे जॉब कर घर की जिम्मेदारी को भी देखना होगा। ऐसा ही हुआ। 2017 से जीम में पार्ट टाइम जॉब करने के साथ वेटलिफ्टिंग की भी तैयारी कर रहा हूं। जब भी बाहर खेलने जाना होता है पापा को कर्ज लेना पड़ता है। पार्ट टाइम जॉब से उतने पैसे नहीं मिलते हैं कि आप घर और ख़ुद की ज़रूरत को पूरा कर सकें। अब मुझे एक अच्छी जॉब की ज़रूरत है। जीवन को बेहतर करने हर दिन खूब मेहनत कर रहा हूं। इस नेशनल मैच में शरीर को तैयार करने डाइट सप्लीमेंट तक के पैसे नहीं थे। सामान्य बाइट से मैंने बॉडी को प्रतियोगिता के लिए तैयार किया है। वेटलिफ्टिंग में डाइट पर ज़्यादा ध्यान देना होता है। पैसे के अभाव में दिक़्क़त होती है। कुछ लोग है जो समय समय पर मदद्द कर देते है।

-विजय कुमार

## पिता को अब मैं सपोर्ट करना चाहता हूँ



*ज्ञानेश्वरी यादव ने महिला वर्ग में लगातार दूसरे नेशनल मैच में गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। बातचीत में बताया कि पापा दीपक यादव ने हमेशा मुझे खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। जब घर की परिस्थिति अच्छी नहीं थी तब भी उन्होंने पैसों की व्यवस्था कर अपना खेल जारी रखने की बात कही थी। अब मैं पापा को सपोर्ट करना चाहती हूं। उन्होंने बताया कि पिछले साल भी गोल्ड मिला था लेकिन मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं था जैसे मैंने सोचा था, लेकिन इस बार मैंने अपना बेस्ट दिया है। मैच के दौरान मैंने देखा नहीं था कि बाक़ी खिलाड़ियों का प्रदर्शन कैसा है। मुझे कितना वजन उठाना है मैंने उस तरफ़ देखा भी नहीं। केवल अपना बेस्ट दिया है।*

*- ज्ञानेश्वरी यादव*

## खबर संक्षेप



### केपटाउन एसए20 प्लेआफ में पहुंचा

**केपटाउन।** एमआई केपटाउन ने गत चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप को दस विकेट से हराकर पहली बार एसए 20 लीग के प्लेआफ में जगह बना ली। एमआई केपटाउन का सामना चार फरवरी को गक्बेरहा में पहले क्वालीफायर में पार्ल रॉयल्स से होगा। इसमें जीतने वाली टीम सीधे फाइनल खेलेगी। सनराइजर्स टीम 109 रन पर आउट हो गई। बॉश ने 3.2 ओवर में 19 रन देकर चार विकेट लिए। कैगिसो रबाडा ने तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। जवाब में रासी वान डेर डुसेन ने 30 गेंद में नाबाद 48 और रियान रिकेलटन ने 36 गेंद में नाबाद 59 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

### जॉन, पूजा ने साइकिलिंग स्पर्धा में जीते स्वर्ण पदक

**देहरादून।** कर्नाटक के नवीन थॉमस जॉन और महराष्ट्र की पूजा बबान डानोले ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय खेलों में क्रमशः पुरुष और महिला रोड साइकिलिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड का प्रतिनिधित्व कर रहे दिनेश कुमार ने पुरुष रोड साइकिलिंग स्पर्धा में रजत और पंजाब के हर्षवीर सिंह शेखों ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की स्पर्धा में राजस्थान की मोनिका जाट ने रजत और कर्नाटक की मेघा गोगाड ने कांस्य पदक हासिल किए।



### ऑस्ट्रेलिया का एशिया में सबसे बड़ा स्कोर

**गॉल।** ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यहां पहले टेस्ट के दूसरे दिन छह विकेट पर 654 रन पर पहली पारी घोषित करके एशिया में अपना अब तक का सबसे बड़ा स्कोर बनाया जिसके बाद श्रीलंका की टीम स्टंप तक तीन विकेट पर 44 रन बनाकर मुश्किल में है। श्रीलंका की टीम खराब होती पिच पर अभी 610 रन से पीछे नाजुक स्थिति में है। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने 251 गेंद पर 141 रन की शानदार पारी खेली। ख्वाजा ने फिर अपना पहला दोहरा शतक पूरा किया और जोश इंगलिस (102 रन) पदार्पण मैच में शतक बनाने वाले 21वें ऑस्ट्रेलियाई बन गए। ख्वाजा की आठ घंटे से अधिक की 352 गेंद में खेली गई 232 रन की पारी ऐतिहासिक थी।

## क्रिकेट : सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

# चौथा टी20 आज : सैमसन का खराब फार्म भारत की चिंता का सबब, रिंकू सिंह फिट

एजेंसी ▶▶| पुणे

तेज रफ्तार के सामने संजू सैमसन की कमजोरी और रिंकू सिंह का खराब फॉर्म और फिटनेस इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार को चौथे टी20 मैच से पहले भारतीय टीम प्रबंधन की चिंता का सबब होगा। राजकोट में तीसरा मैच हारने के बाद भारतीय टीम के पास मुंबई में दो फरवरी को होने वाले आखिरी मैच से पहले श्रृंखला जीतने का एक और मौका है। सूर्यकुमार यादव की टीम ने कोलकाता और चेन्नई में पहले दो मैच जीते थे।

### तेज गेंदें संजू की कमजोरी

केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज सैमसन ने टी20 सत्र की शुरुआत बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन शतक के साथ की। मौजूदा श्रृंखला में उनका स्कोर 26, 5 और तीन रहा है जो चिंता की बात है। वह 145 किमी की रफ्तार से अधिक वाली गेंदों का सामना नहीं कर पा रहे। इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड 145 से 155 किमी की रफ्तार से गेंद डालते हैं जिनकी गति सैमसन के लिए परेशानी का कारण बन गई है।



### रिंकू ने जमकर किया अभ्यास

मध्यक्रम के आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह ने गुरुवार को यहां जमकर अभ्यास किया और वह इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। रिंकू को पीठ में दर्द के कारण श्रृंखला के दूसरे और तीसरे मैच में विश्राम दिया गया था तथा भारत के सहायक कोच रियान टेन डोएशे ने पुष्टि की कि यह आक्रामक बल्लेबाज अगले मैच में खेलने के लिए फिट है। टेन डोएशे ने पत्रकारों से कहा, 'रिंकू फिट है। वह पहले मैच में खेला था लेकिन इसके बाद चोटिल हो गया और अगले दो मैच में नहीं खेल पाया। मुझे लगता है कि फिट होने पर वह वापसी करेगा। उसने बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास किया है और मुझे लगता है कि वह कल खेलने के लिए तैयार होगा।'

### दुबे फेल, रमनदीप को परखा जाना बाकी



अपनी गेंदबाजी के दम पर शिवम दुबे को टीम में जगह मिली थी। भारतीय मध्यक्रम भी इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद को नहीं खेल पा रहा है और ऐसे में देखना है कि क्या दुबे को मौका मिलता है। तीसरा विकल्प रमनदीप सिंह है जो फिनिशर होने के साथ दुबे से बेहतर तेज गेंदबाज है। लेकिन बेहतरीन तेज गेंदबाजों के सामने उनकी भी परख नहीं हुई है। मोहम्मद शमी काफी समय बाद टीम में लौटे हैं और राजकोट में उन्होंने अच्छी वापसी की। देखना यह है कि जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में क्या भारत के सर्वश्रेष्ठ टी20 गेंदबाज अर्शदीप सिंह को जगह मिलती है तो पावरप्ले में सफलता दिला सकते हैं।

## आज बैडमिंटन का सेमीफाइनल

बैडमिंटन खेल में छत्तीसगढ़ की पुरुष बैडमिंटन टीम सेमीफइनल में पहुंची है। क्वार्टरफाइनल में छत्तीसगढ़ की टीम ने अरुणाचल प्रदेश को 5-0 सेट से पराजित कर सेमीफइनल में पहुंची। छत्तीसगढ़ पुरुष बैडमिंटन टीम का सेमीफइनल मैच कल कर्नाटक के साथ खेला जाएगी। तैराकी मुकाबले में छत्तीसगढ़ की भूमि गुप्ता ने 100 मीटर बटरफ्लाई के फाइनल इवेंट में 01:05.44 का समय लेते हुए 5 वा स्थान प्राप्त किया।

## ग्रीन फायरवर्क्स और कोल्ड पाइरोज का इस्तेमाल

38वें राष्ट्रीय खेल के आयोजन में पर्यावरण सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ग्रीन फायरवर्क्स और कोल्ड पाइरोज का उपयोग किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य प्रदूषण को कम करना और खेलों को अधिक पर्यावरण-अनुकूल बनाना है।परंपरागत पटाखों की तुलना में ग्रीन फायरवर्क्स कम हानिकारक गैसों का उत्सर्जन करते हैं और वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं। इन पटाखों में रसायनों का प्रयोग सीमित किया गया है।

## 'किंग' की घरवापसी : कोहली की एक झलक पाने उमड़े दर्शक

**नई दिल्ली।** विराट कोहली का खुमार भारतीय क्रिकेटप्रेमियों के सिर चढ़कर बोलता है और इसकी झलक यहां गुरुवार को दिल्ली और रेलवे के बीच रणजी ट्रॉफी मैच में देखने को मिली जब उनका नाम सुनते ही दर्शकों रोमांच के मारे चिल्लाने लगे और अभूतपूर्व भीड़ के कारण डीडीसीए को ऐन मौके पर अतिरिक्त इंतजाम करने पड़े। कोहली 13 साल बार रणजी ट्रॉफी मैच खेल रहे हैं। डीडीसीए ने कोहली की 'घर वापसी' वाले मैच में करीब दस हजार दर्शकों के आने का कयास लगाया था जो रणजी ट्रॉफी मैच में एक रिकॉर्ड है।

**17 हजार दर्शकों का लगा हुजूम**

कोहली का जादू ऐसा है कि सारे कयास धरे रह गए और इससे कहीं अधिक संख्या में लोग आये। डीडीसीए ने पहले 6000 की क्षमता वाला ' गौतम गंभीर स्टैंड' खोला लेकिन भीड़ को देखते हुए 11000 की क्षमता वाला 'बिशन सिंह बेदी स्टैंड' खोलना पड़ा।







## पाकिस्तान में कप्तानों का फोटोशूट नहीं

**कराची।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान में कप्तानों का कोई फोटोशूट या प्रेस कांफ्रेंस नहीं होगी जिससे भारतीय कप्तान के टूर्नामेंट से पहले के कार्यक्रम के लिए वहां यात्रा करने की संभावना खत्म हो गई। मेजबान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्र ने कहा कि पीसीबी को 'यात्रा के व्यस्त कार्यक्रमों के कारण टीमों की अनुपलब्धता' की वजह से टूर्नामेंट से पहले कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## गुकेश ने मैक्स को हराकर बनाए रखी एकल बढ़त

**विज्क आन जी।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने डच ग्रैंडमास्टर मैक्स वार्मरडेम को हराकर टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के दसवें दौर के बाद 7.5 अंक लेकर एकल बढ़त बना ली। 2800 ईएलओ रेटिंग पार करने के करीब पहुंचे गुकेश ने काले मोहरों से खेलते हुए 34 चालों में आसान जीत दर्ज की। वह दूसरे स्थान पर काबिज उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से आधा अंक आगे हैं। आर प्रज्ञानानंदा उनसे एक अंक पीछे तीसरे स्थान पर हैं जिन्होंने स्लोवेनिया के ब्लादीमिर फेडोसीव को हराया। अर्जुन एरिगेसी ने जर्मनी के विंसेंट केमेर से ड्रॉ खेला। पी हरिकृष्णा और अमेरिका के फेबियानो कारूआना की बाजी ड्रॉ रही जबकि लियोन ल्यूक मेंडोंसा ने अनीश गिरि से ड्रॉ खेला। चैलेंजर्स वर्ग में आर वैशाली को चेक गणराज्य की एंगुयेन थाइ वान डेइ ने मात दी जबकि दिव्या देशमुख को जर्मनी की फ्रेडेरिक स्वाने ने हराया। वैशाली नौवे और दिव्या 13वें स्थान पर है। टूर्नामेंट के तीन दौर ही बाकी हैं।






## श्रीकांत और सुब्रमण्यम थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत और एस सुब्रमण्यन ने गुरुवार को यहां अपने मुकाबले जीतकर थाईलैंड मास्टर्स बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। श्रीकांत को राउंड 16 के मैच में हांगकांग के 20 साल के जेसन गुनावान को 21-19, 21-15 से हराने में महज 42 मिनट लगे।

इससे पहले उन्होंने गुनावान को पिछले साल बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में हराया था। हालांकि सुब्रमण्यन को इंडोनेशिया के चिको औरा द्वी वारदोयो पर जीत के दौरान मशक्कत करनी पड़ी जिसमें वह पहला गेम गंवा बैठे लेकिन 9-21, 21-10, 21-17 से जीत दर्ज करने में कामयाब रहे। मिश्रित युगल में हालांकि भारत के रोहन कपूर और रूत्विका गाडे की जोड़ी को थाईलैंड की रतचापोल मकासासिथोर्ण और नाटामोन लैसुआन की जोड़ी से 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।



## न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर

**नोटिस**

क्रमांक/180/ब-121/2023-24/183 — रायपुर, दिनांक 08 जनवरी,2025

प्रति,

1. नवजोत सिंह भाटिया व. गुरुजीत सिंह
2. जसप्रीत सिंह भाटिया व. गुरुजीत (जमानतदार), वार्ड नं. 15, खरोरा देना बैंक के पीछे, तहसील तिल्दा, जिला रायपुर
3. प्रेमलाल कौशले (जमानतदार), म.नं. 106, सतनामी मोहल्ला, रेल्वे स्टेशन के पास, बजरंग चौक, तहसील तिल्दा, रायपुर

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा धरसीवां, रायपुर के ओर से मानवेन्द्र गुप्ता अधिवक्ता ने आवेदन पत्र/शपथ पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र से आपने बैंक से 27,80,000.00 रुपये का ऋण प्राप्त कर, नवजोत सिंह भाटिया के स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखी । आपके द्वारा ऋण की अदायगी नहीं की जा रही हैं। जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत् नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रुपया 26,56,832.00 अदा करें, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा धरसीवां रायपुर से 27,80,000.00 रुपये का ऋण प्राप्त कर मौजा खरोरा प.ह.नं. 31 तहसील तिल्दा रायपुर स्थित आवासीय भूमि ख. नं. 1092/27 रकबा 1358 वर्गफुट बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 24.02.2025 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने की दशा में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज दिनांक 08 जनवरी,2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) — कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, रायपुर (छ.ग.)

# इंटरनेशनल स्पेस सेंटर के बाहर से कैप्चर हुआ धरती का अद्भुत नजारा



**वॉशिंगटन।** समय बीतने के साथ-साथ अंतरिक्ष की ओर इंसान के कदम भी आगे बढ़ते जा रहे हैं। हमें अपनी धरती के बारे में भी ऐसे तमाम रहस्य पता चल रहे हैं, जो हम नहीं जानते थे। इसकी खूबसूरती और हरी-भरी वादियों के अलावा यहां ऐसी तमाम चीज़ें भी हैं, जो अब तक रहस्य बनी हुई हैं। कुछ तथ्य भले ही न जानें, लेकिन हम कम से कम अंतरिक्ष से धरती को



देख ज़रूर सकते हैं। हमारी प्यारी धरती हमें भले ही हरी-भरी नज़र आती हो, लेकिन अंतरिक्ष से ये कुछ अलग ही दिखती है। इंटरनेशनल स्पेस सेंटर के बाहर से पृथ्वी का एक वीडियो कैप्चर हुआ, जो अद्भुत है। आपने कई वीडियो में धरती को नीले और सफेद रंग में दमकते हुए देखा होगा। आईएसएसS के बाहर से शूट किया गया ये नज़ारा लोगों को चकित कर रहा है।

### सफेद रंग के बिखरे हैं बादल

वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि एक अंतरिक्षयात्री अपने इंटरनेशनल स्पेस सेंटर के बाहर स्पेसवॉक कर रहा है। वीडियो के साथ दिए गे कैप्शन में बताया गया है कि ये एस्ट्रोनॉट जैक फिशर हैं, जो नासा के पूर्व अंतरिक्षयात्री रह चुके हैं। उनके स्पेसवॉक के इस वीडियो में पीछे हमारी धरती दिख रही है। नीले रंग की धरती पर सफेद रंग के बादल बिखरे हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में सिर्फ कृत्रिम लाइट दिख रही है और चमकती हुई धरती, बाकी तरफ अंधेरा ही अंधेरा है।

### ये स्पेस वॉक नहीं, स्पेस फ्लोट है

ये वीडियो नासा के जॉनसन सेंटर का है। इस पर बहुत से लोगों ने कमेंट भी किया है। कुछ यूजर्स का कहना है कि ये वीडियो अद्भुत है तो कुछ यूजर्स ने कहा है कि आश्चर्यजनक है। कुछ यूजर्स ने इसके असली होने पर संदेह जताया है तो कुछ ने कहा कि ये स्पेस वॉक नहीं स्पेस फ्लोट है।

एनएच निदेशक ने कोर्ट में पेश किया हलफनामा

# हाईकोर्ट ने दिया सड़क दुर्घटना रोकने रोडमैप तैयार करने का आदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए अन्य राज्यों की तरह रोडमैप तैयार करने का आदेश दिया है। वहीं मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग के क्षेत्रीय निदेशक की तरफ से कोर्ट में हलफनामा में जवाब प्रस्तुत किया गया है। इस मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च को नियत की गई है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने वाले दुर्घटनाओं की चिंता और सड़क की स्थिति पर संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई चल रही है। हाईकोर्ट इस मामले में लगातार मानिटरिंग कर रहा है। गुरुवार को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बैंच में सुनवाई हुई, जिसमें 17 दिसंबर 2024 के पूर्व आदेश के परिपालन को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग का पक्ष रखने वाले अधिवक्ता धीरज वानखेड़े ने हलफनामा पेश किए जाने की जानकारी दी और दो दिन का अतिरिक्त समय मांगा। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए किया जा रहे उपाय के बारे में जानकारी दी, वहीं अधिवक्ता ने विभाग द्वारा सड़क किनारे बम्बू फेसिंग और गड्ढे बनाकर मवेशियों को रोकने के प्रयास को बताया। वहीं कोर्ट के समक्ष कोर्ट कमिश्नर ने सड़क दुर्घटनाओं में 2023 की अपेक्षा 2024 में 10 प्रतिशत की वृद्धि होने की जानकारी दी। जिसपर कोर्ट की डिवीजन बैंच ने राष्ट्रीय राजमार्ग अथारिटी को दुर्घटनाओं में कमी लाने के उपाय करने के निर्देश दिए। वहीं अगली सुनवाई 24 मार्च 2025 को तय किया गया है।

### सभी आवश्यक कदम उठाए

उल्लेखनीय है कि 17 नवंबर 2024 को हुई सुनवाई में राष्ट्रीय राजमार्ग अथारिटी ऑफ इंडिया ने हलफनामें में कहा था कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और सड़क दुर्घटना में किसी भी तरह की जनहानि की संभावना को दूर करने के लिए हरसंभव सावधानी और ऐहतियात बरती जा रही है। हाईकोर्ट ने एनएचएआई की ओर से उपस्थित अधिवक्ता श्री वानखेड़े को कहा था कि राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा ध्यान दिया जाए, जिन्हें दुर्घटनाओं को कम करने के लिए अन्य राज्यों की तरह रोडमैप तैयार करने आदेश दिया था। इस मामले में क्षेत्रीय निदेशक, एनएचएआई रायपुर छग को इस मामले में अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था।

# दुनिया के एकमात्र 10-स्टार होटल में एक रात ठहरने के लिए खर्च करने पड़ते हैं 10 लाख रुपए

दुबई के मशहूर सेल-शेप्ड होटल जुमेराह बुर्ज अल अरब को दुनिया का एकमात्र '10-स्टार' होटल कहा जाता है, हालांकि आधिकारिक तौर पर, यह 7-सितारा होटल है। दुबई में एक आर्टिफिशियल आईलैंड पर बना यह अति-शानदार होटल, अपनी बेजोड़ हॉस्पिटैलिटी, असाधारण डिज़ाइन और वर्ल्ड क्लास सुविधाओं के साथ वैभव के लिए जाना जाता है। आर्किटेक्ट टॉम राइट का डिज़ाइन किया गया बुर्ज अल अरब 1999 में पूरा हुआ और 321 मीटर ऊंचा है, जो इसे दुनिया भर के सबसे ऊंचे होटलों में से एक बनाता है। 1999 में अपनी शुरुआत के बाद से, बुर्ज अल अरब ने दुनिया भर के वीआईपी और मशहूर हस्तियों का स्वागत किया है।

### अंदर का नज़ारा देख चौंधिया जाएंगी आंखें



**दुबई।** होटल के अंदरूनी हिस्से में 24 कैरेट सोने की पत्ती की सजावट, शानदार झूमर और दो मंजिलों में फैले शानदार सुइट हैं। होटल में 202 डुप्लेक्स सुइट हैं, जिनमें से प्रत्येक में हर्मीस की सुविधाएं हैं, और फर्श से छत तक की खिड़कियां हैं, जहां से अरब की खाड़ी का खूबसूरत और मनमोहक नज़ारा दिखाई देता है। पीक सीजन के दौरान बुर्ज अल अरब में एक रात ठहरने का खर्च 10 लाख रुपए से ज़्यादा हो सकता है, जो इसे कुछ चुनिंदा लोगों के लिए आरक्षित एक खास अनुभव बनाता है। आगमन पर, मेहमानों का शाही स्वागत किया जाता है, जिसमें हेलीकॉप्टर ट्रांसफर और ड्राइवर द्वारा संचालित रोल्स-रॉयस लिमोसिन शामिल हैं।

### मेहमानों के लिए सुविधाएं

मेहमान कई तरह की सुविधाओं का आनंद ले सकते हैं, जिसमें एक पर्सनल सी बीच, इन्फिनिटी पूल और एक स्पा शामिल है, जो गोल्ड फेशियल और डायमंड मसाज जैसे ट्रीटमेंट देती है। मेहमानों को एक निजी बटलर सौंपा जाता है, जो उनकी हर ज़रूरत और इच्छा को पूरा करने के लिए 24/7 उपलब्ध रहता है। होटल का स्टाफ़-टू-गेस्ट अनुपात 8:1 है, जो सुनिश्चित करता है कि हर गेस्ट को बेहतरीन सर्विस और देखभाल मिले।

### सुसज्जित फिटनेस रूम और पर्सनल ट्रेनर

बुर्ज अल अरब में मेहमान अन्य सेवाओं का भी आनंद लेते हैं, जिसमें ड्राइवर द्वारा संचालित रोल्स-रॉयस, एक निजी हेलीपैड और समुद्र के नज़ारे वाला एक इनफिनिटी पूल टेरेस शामिल है। अल्टीमेट रिलैक्सेशन के लिए बुर्ज अल अरब टेरेस में 10,000 वर्ग मीटर का आउटडोर स्पेस है, जो पूल के किनारे आराम करने के लिए एकदम सही है। विशाल धूप से नहाया हुआ डेक समुद्र से 100 मीटर की दूरी तक फैला हुआ है, जो लहरों के ऊपर तैरने का एक बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है।

### आठ वर्ल्ड लेवल रेस्तरां हैं होटल में

होटल में आठ वर्ल्ड लेवल रेस्तरां हैं, जो बेहतरीन फ़ाइन डाइनिंग से लेकर अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों का मजा लिया जा सकता है। होटल में एक असाधारण अंडरवाटर रेस्तरां भी है जहां मेहमान लुभावने बड़े एक्वेरियम की खिड़की से समुद्री जीवन को निहारते हुए स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकते हैं।

# 'जितने नोट गिन पाए उतने तुम्हारे', कंपनी ने लगाया रुपयों का पहाड़

**बीजिंग।** आमतौर पर जब कोई कंपनी कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करती है तो कर्मचारियों को बदले में अच्छा बोनस दिया जाता है। ये बोनस या तो सीधा अकाउंट में ट्रांसफर होता है या फिर इसे किसी चेक के ज़रिये दिया जाता है। हालांकि, पड़ोसी देश चीन में एक कंपनी ने ऐसा कुछ भी न करके बोनस के तौर पर दिए जाने वाले कैश को मेज पर बिछा दिया और कर्मचारी इसमें से जितने रुपए गिन पाए, अपने घर ले गए। सोचिए, आपके सामने नोटों का पूरा पहाड़ खड़ा कर दिया जाए और ऑफर मिले कि जितने नोट आप गिन पाएं, उतने आपके तो कैसा होगा? पड़ोसी देश चीन में एक कंपनी ने अपने कर्मचारियों के साथ ऐसा ही किया और वे बोरों में भरकर कैश घर ले गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और दावा किया जा रहा है कि ये 25 जनवरी को हुए ईवेंट का वीडियो है।



### बोरों में भरकर ले गए कर्मचारी

चीन में नया साल आने वाला है, ऐसे में यहां ज्यादातर कंपनियां नए साल के मौके पर अपने कर्मचारियों को बोनस देती हैं। हर कंपनी की कोशिश होती है कि वो अपने कर्मचारियों को खुश कर दे। इसी बीच एक ऐसी कंपनी का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसने कर्मचारियों को बोनस देने के बेहद अलग और दिलचस्प तरीका ढूंढ निकाला। वीडियो में देखा जा सकता है कि कंपनी ने एक बड़ा सा टेबल लगाया गया है, 100-100 युआन के नोटों का अंबार लगा है। इसके साथ ही शर्त रखी गई कि कर्मचारी यहां आकर तय समय में जितने नोट गिन पाएं, वो अपने साथ लेकर जाएं। नोट गिनने का वक्त लॉटरी सिस्टम से तय हो रहा था, जिसमें 1 मिनट से लेकर 15 मिनट तक की पर्चियां थीं।

# 52 लाख के 9 नक्सलियों ने किया सरेंडर हिड़मा और देवा के साथ कर चुके हैं काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

पुनर्वास नीति के प्रचार-प्रसार के चलते 9 हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। सरेंडर करने वालों में 4 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं, जिन पर 8-8 लाख रुपए के इनाम घोषित थे। इनमें पीएलजीए बटालियन 1 के सक्रिय दंपति भी शामिल हैं। नक्सली दंपति जिल के टेकलगुडम, मिनपा समेत कई बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल रहे हैं।

कलमू मंगड़ू (डिप्टी कमांडर, सेक्शन 1 कंपनी) 8 लाख, माड़वी बुधरी (महिला सदस्य, सेक्शन 2 कंपनी) 8 लाख, समीर उर्फ मिडियम सुक्का (टीम कमांडर, पीएलजीए बटालियन नंबर 01) 8 लाख, रजनी उर्फ राजे उर्फ बीड़े माड़वी (महिला सदस्य, बटालियन हेडक्वार्टर प्लाटून सेक्शन ए) 8 लाख, शांति कवासी (महिला सदस्य, बटालियन नंबर 01) 8 लाख, मड़कम सोमड़ी (महिला सदस्य, प्लाटून नंबर 08 की पीपीसीएम) 8 लाख, नुप्पो नरसी (महिला, पामेड़ एलओएस पार्टी सदस्य) 2 लाख, मड़कम हिड़मे (महिला सदस्य, दक्षिण बस्तर डिवीजन कृषि टीम) 1 लाख, नुप्पो हुंगी (महिला अध्यक्ष, सुरपनगुड़ा आरपीसी केएएमएस) 1 लाख के इनामी थे।



### नक्सली गतिविधियों के दायरे को सीमित किया जा रहा

*सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि जिले में लगातार नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा नक्सली गतिविधियों के दायरे को सीमित किया जा रहा है और सरकार की पुनर्वास नीति का प्रभावी रूप से प्रचार किया जा रहा है, जिससे नक्सली मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।*

# रकम दोगुनी का झांसा देकर 8 करोड़ की ठगी चिटफंड कंपनी का जोनल मैनेजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कम समय में मोटी कमाई करने और रुपए दो गुना करने का झांसा देकर आठ करोड़ रुपए से अधिक की ठगी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने चिटफंड कंपनी के जोनल मैनेजर को रांची से गिरफ्तार किया है जबकि शेष आरोपियों की तलाश जारी है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मैनपाट कमलेश्वरपुर निवासी देवराज यादव ने 4 सितंबर 2024 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वेलफेयर बिल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर व अन्य पदाधिकारियों द्वारा शहर के नमनाकला में कंपनी के कार्यालय का संचालन किया जा रहा था। इस दौरान भादवि की धरा 420, 34, इनामी चिट एवं धन परिचालन स्कीम (पाबन्दी) अधिनियम 1978 की धारा 4, 5, 6 एवं छत्तीसगढ़ के निछेपको का हित का संरक्षण नियम 2005 की धारा 10 के तहत अपराध दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने कंपनी के एजेंट व अन्य निवेशकों से पूछताछ की गई जिसमें लगभग 8 करोड़ रुपए की ठगी की बात सामने आई। पुलिस के अनुसार निवेशकों की संख्या बढ़ने पर राशि भी बढ़ने की संभावना है। पुलिस ने विवेचना के दौरान कंपनी के रजिस्ट्रेशन, बुकलेट को जब्त करने के साथ ही रजिस्ट्रार ऑफ कंपनी छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल से जानकारी ली गई। रिजर्व बैंक ऑफ छत्तीसगढ़ से यह जानकारी आमने आई कि कंपनी को वित्तीय लेनदेन की अनुमति नहीं दी गई थी।

### मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया

जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर चिटफंड कंपनी के जोनल मैनेजर मूल निवासी पलामू ग्राम गोगदा व रांची डोरंडा निवासी 52 वर्षीय विनीत कुमार पांडेय आ. कामेश्वर पांडेय को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने कंपनी में लोगों को रुपए लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया और ठगी की रकम में हिस्सेदारी लेकर फरार हो गया था। पुलिस द्वारा मामले में अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# पृथ्वी की ओर बढ़ रहा फुटबॉल पिच के बराबर का महाविनाशक ऐस्टरॉयड

एजेंसी ⏭ अबू धाबी

अबू धाबी स्थित इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमी सेंटर ने रिसर्च के बाद घोषणा की है, कि '2024 YR24' कोड नाम वाले एक नए ऐस्टरॉयड की खोज की गई है, जिसके पृथ्वी से टकराने की सबसे ज्यादा आशंका है। एक्सपर्ट्स का मानना है, कि साल 2032 में यह ऐस्टरॉयड पृथ्वी के काफी करीब से गुजरने वाला है, जिसके धरती से टकराने की भी आशंका बन सकती है। डरने की बात ये है, कि इस ऐस्टरॉयड का आकार 1908 में साइबेरिया में गिरे ऐस्टरॉयड जितना हो सकता है, जिसने करीब 2 हजार वर्गकिलोमीटर क्षेत्र को पूरी तरह से कुचल कर रख दिया था।



### क्या पृथ्वी से टकरा सकता है ऐस्टरॉयड?

*खोज के बाद से ही इस ऐस्टरॉयड पर लगातार नजर रखी जा रही है और इसे टोरिनो स्तर पर क्लासिफाइड किया गया है, जिसके पृथ्वी से 1.2 प्रतिशत तक टकराने की संभावना बन सकती है। यानी, अभी तक जितने भी ऐस्टरॉयड के पृथ्वी से टकराने की आशंका जताई गई है, उन सभी में इस ऐस्टरॉयड के टकराने की संभावना सबसे ज्यादा बन रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये ऐस्टरॉयड, जिसका नाम 2024 **YR**4 रखा गया है, वो 25 दिसंबर के आसपास पृथ्वी के करीब पहुंचा था और उस वक्त ये 8 लाख 29 हजार किलोमीटर की दूरी पर था। ओदेह ने कहा है कि 17 दिसंबर 2028 को ये एक बार फिर से पृथ्वी के करीब से गुजरेगा, लेकिन उस वक्त भी इसके टकराने की कोई संभावना नहीं है। लेकिन, जब ये 22 दिसंबर 2032 को तीसरी बार पृथ्वी से गुजरने वाला होगा, तो ये संभावित खतरा पैदा कर सकता है।*

# समंदर के अंदर मिले 'डार्क ऑक्सीजन' छोड़ने वाले पत्थर, सदियों पुरानी वैज्ञानिक मान्यताएं चकनाचूर

एजेंसी ⏭ लंदन

प्रकृति के अंदर ऐसे ऐसे खजाने छिपे हैं, जो सदियों से इंसानों को हैरान करते रहे हैं। प्रशांत महासागर के अंदर वैज्ञानिकों ने एक आश्चर्य करने वाला घटनाक्रम देखा है। वैज्ञानिकों ने देखा है, कि समुद्र के अंदर कुछ धातुओं की चट्टाने बिना रोशनी के गुप्प अंधेरे में ऑक्सीजन का निर्माण कर रही हैं। वैज्ञानिकों ने इसे 'डार्क ऑक्सीजन' कहा है। ये काफी आश्चर्य की बात इसलिए है, क्योंकि अभी तक यही मान्यता रही है कि ऑक्सीजन का निर्माण सिर्फ और सिर्फ प्रकाश संश्लेषण के जरिए सूरज की रोशनी में ही होता है। तो फिर समुद्र के अंदर अंधेरे में ऑक्सीजन का निर्माण कैसे हुआ है?

वैज्ञानिकों ने दावा किया है, कि हजारों फीट समुद्र के अंदर नीचे पाए जाने वाले आलू के आकार के धातुओं के पिंड समुद्री जल के अणुओं को तोड़ते हैं और फिर ऑक्सीजन का निर्माण करते हैं। 17वीं शताब्दी से ही वैज्ञानिकों ने बताया है कि प्रकाश संश्लेषण के जरिए ही ऑक्सीजन का निर्माण होता है, जो एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसकी वजह से पृथ्वी पर जीवन संभव हो पाया है।

### फिर से लिखी जाएंगी किताबें?



### पानी के अंदर कैसे हो रहा ऑक्सीजन का निर्माण?

दरअसल, प्रशांत महासागर में क्लेरियन-क्लिपर्टन जोन में कोबाल्ट और निकल जैसे धातुओं के होने की संभावना है और गहरे समंदर में खनन करने वाली कंपनियां लगातार खोज करती रही हैं। इसी दौरान समुद्र तल पर मौजूद फेरोमैंगनीज पिंडों का पता चला है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है। फेरोमैंगनीज नोड्यूल, छोटे खजाने की चट्टानों की तरह होते हैं जो समुद्र तल पर बसे होते हैं, जिनमें मैंगनीज और लोहे जैसी धातुएं भरी होती हैं। ये नोड्यूल लाखों वर्षों में धीरे-धीरे बनते हैं, क्योंकि समुद्री जल से जिन खनिजों का निर्माण होता है, वो एक छोटे से कोर के चारों ओर परतों में बनते हैं।

### कैसे होता है ऑक्सीजन का निर्माण?

पौधे, शैवाल और कुछ बैक्टीरिया कार्बन डाइऑक्साइड और पानी को ग्लूकोज और ऑक्सीजन में बदलने के लिए सूर्य के प्रकाश को अवशोषित करते हैं। इसे काफी सरल शब्दों में समझें, तो रोशनी का इस्तेमाल हमारी प्रकृति बतौर ईंधन करती है, ताकि हर जीवन को ऑक्सीजन की लगातार सप्लाई होती रहे। प्रकाश संश्लेषण न सिर्फ इन जीवों को ऊर्जा देता है, बल्कि वायुमंडल में ऑक्सीजन भी छोड़ता है, जिससे पृथ्वी पर जीवन हमेशा बना रहता है। अभी तक इस बात की कल्पना भी नहीं की गई थी, कि प्रकाश के बिना ऑक्सीजन का निर्माण संभव है। वैज्ञानिक मान्यताओं के मुताबिक, बिना प्रकाश के, प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया ही थम जाएगी और इससे पृथ्वी पर जीवन का अंत हो जाएगा।

# मुर्गी के अंडे जितना इस बिल्ली का बच्चा

**कोलकाता।** कैमरे में एक ऐसी बिल्ली कैद हुई है जिसकी चर्चा आज दुनियाभर में हो रही है। असल में यह बिल्ली घरों में पाली जाने वाली बिल्लियों से बहुत अलग है इस बिल्ली का बच्चा इतना हल्का होता है कि मुर्गी के अंडे का वजन भी उससे ज्यादा होता है। यह बिल्ली दुनिया में सिर्फ 3 देशों में ही पाई जाती है। भारत में भी कई राज्यों में यह बिल्ली पाई जाती है और इसे हाल ही में बंगाल के पुरुलिया में देखा गया है। बताया जा रहा है कि बंगाल में दुनिया की सबसे छोटी और हल्की बिल्ली रस्टि-स्पॉटेड कैट की पहली बार देखी गई है। इस बिल्ली का वजन 0.9 से 1.6 किलोग्राम के बीच होता है और इसे आईयूसीएन रेड लिस्ट में 'नियर थ्रेटेंड' श्रेणी में रखा गया है।







#Rajesh

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com